• जयपुर, शुक्रवार 24 जनवरी 25 • वर्ष 14 • अंक 157 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in | Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25 RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

**सुविचार**

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

● स्वामी विवेकानंद

पेज @ 3 ब्याज माफिया के धोखे और जालसाजी से तंग आकर दर दर न्याय पाने को भटक रहा है...

पेज @ 4 आरपीए में दो दिवसीय रोड सेफ्टी प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न...

पेज @ 8 'गर्व मेरा भारत - देश मेरा भारत' के रील प्रतियोगिता के पोस्टर का विमोचन...

## संक्षिप्त खबरें

### अवंतीपोरा में सरकारी स्कूल से हथियार और गोला-बारूद बरामद

**पुलवामा।** सुरक्षाबलों ने जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले के अवंतीपोरा इलाके में एक सरकारी स्कूल से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है। एक अधिकारी ने आज बताया कि पुलिस, सेना की 42 आरआर और सीआरपीएफ की 130 बटालियन के संयुक्त अभियान में सरकारी प्राथमिक स्कूल लारमूह से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। उन्होंने कहा कि हथियारों और गोला-बारूद में एक ग्रेनेड, यूबीजीएल, इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, नॉन-इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, 10 गोलियां, एक पिस्तौल की मैगजीन शामिल हैं। इस संबंध में आगे की जांच जारी है।

### प्रधानमंत्री ने बाला साहेब ठाकरे को जयंती पर किया याद

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज बाला साहेब ठाकरे को उनकी जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा, 'उन्हें लोक कल्याण और महाराष्ट्र के विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिए व्यापक रूप से सम्मानित और याद किया जाता है। जब बात अपने मूल विश्वासों की आती थी तो वे समझौता नहीं करते थे और हमेशा भारतीय संस्कृति के गौरव को बढ़ाने में योगदान देते थे।' उल्लेखनीय है कि 23 जनवरी 1926 को जन्मे बाला साहेब शिवसेना के संस्थापक हैं। हिंदू हृदय सम्राट के रूप में विख्यात बाला साहेब ने अपने करियर की शुरुआत एक कार्टूनिस्ट के तौर पर की। 1960 से राजनीति में कदम रखा। सबसे पहले मार्मिक नाम से एक साप्ताहिक अखबार निकाला। इसके बाद 'मराठी माणुस' को हक की लड़ाई लड़ने के लिए उन्होंने शिवसेना का गठन किया। बाला साहेब ठाकरे ने खुद कभी चुनाव नहीं लड़ा लेकिन कई बार किंग मेकर बने।

### नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर दिखेगी झारखंड की झांकी

**रांची।** 26 जनवरी को नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड के अवसर पर कर्तव्य पथ पर झारखंड की झांकी भी दिखेगी। इसमें झारखंड की समृद्ध संस्कृति, यहां का पारंपरिक नृत्य, शिक्षा के क्षेत्र में नारी शक्ति के बढ़ते कदम आदि को प्रदर्शित किया जाएगा। दरअसल, गणतंत्र दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कार्यक्रम के लिए झारखंड समेत 15 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की झांकियों का चयन किया गया है। झारखंड ने भी गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली है। इस वर्ष झारखंड की झांकी में दिवंगत रतन टाटा को श्रद्धांजलि देने के साथ ही झारखंड की समृद्ध संस्कृति, यहां का पारंपरिक नृत्य, शिक्षा के क्षेत्र में नारी शक्ति के बढ़ते कदम आदि को प्रदर्शित किया जाएगा। इससे पहले वर्ष 2024 में गणतंत्र दिवस परेड के अवसर पर तसर सिल्क पर आधारित झांकी प्रदर्शित की गई थी।

### विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री बैठक में हिस्सा लेने के लिए जाएंगे चीन

**नई दिल्ली।** विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री दो दिवसीय दौरे पर 26-27 जनवरी को चीन जायेंगे और बीजिंग में दोनों देशों के बीच विदेश सचिव-उप मंत्री तंत्र की बैठक में भाग लेंगे। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। मंत्रालय के अनुसार इस द्विपक्षीय तंत्र की बहाली नेतृत्व स्तर पर हुए समझौते से प्रेरित है। इसमें राजनीतिक, आर्थिक और लोगों के बीच आपसी संबंधों सहित भारत-चीन संबंधों के लिए अगले कदमों पर चर्चा की जाएगी।

### पीएम मोदी ने नेताजी को 128वीं जयंती पर किया याद, बोले–नेताजी सुभाष कंफर्ट जोन के बंधन में नहीं बंधे

# विकसित भारत के लिए हमें भी कंफर्ट जोन छोड़ना होगा : पीएम

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती 'पराक्रम दिवस' पर कटक में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि के लिए नेताजी सुभाष के जीवन से हमें निरंतर प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाष कंफर्ट जोन के बंधन में नहीं बंधे इसी प्रकार हमें भी विकसित भारत के लिए अपना कंफर्ट जोन छोड़ना होगा।



प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम के लिए जारी एक वीडियो संदेश में कहा कि आज जब हमारा देश विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में जुटा है, तब नेताजी सुभाष के जीवन से हमें निरंतर प्रेरणा मिलती है। नेताजी के जीवन का सबसे बड़ा लक्ष्य 'आजाद हिंद' था। उन्होंने अपने संकल्प की सिद्धि के लिए अपने फैसले को एक ही कसौटी पर परखा 'आजाद हिंद'। नेताजी एक समृद्ध परिवार में जन्में। उन्होंने सिविल सर्विसेज की परीक्षा पास की। वो चाहते तो अंग्रेजी शासन में एक वरिष्ठ अधिकारी बनकर आराम की जिंदगी जीते लेकिन उन्होंने आजादी के लिए कष्टों को चुना, चुनौतियों को चुना, देश-विदेश में भटकना पसंद किया।

### विकसित भारत के लिए हमें एक रहना होगा

उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाष कंफर्ट जोन के बंधन में नहीं बंधे। इसी तरह आज हम सभी को विकसित भारत के निर्माण के लिए अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकलना है। हमें खुद को विश्व स्तर पर सर्वश्रेष्ठ बनाना है, उत्कृष्टता को चुनना ही है, क्षमता पर फोकस करना है। नेताजी ने देश की स्वतंत्रता के लिए आजाद हिंद फौज बनाई। इसमें देश के हर क्षेत्र, हर वर्ग के वीर-वीरांगनाएं शामिल थे। सबकी भाषाएं अलग-अलग थी, लेकिन भावना एक थी- देश की आजादी। यही एकजुटता आज विकसित भारत के लिए भी बहुत बड़ी सीख है। तब स्वराज के लिए हमें एक होना था, आज विकसित भारत के लिए हमें एक रहना है।

### नेताजी की विरासत युवाओं को नई ऊर्जा देगी

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर पूरा देश श्रद्धापूर्वक उन्हें याद कर रहा है। इस वर्ष के पराक्रम दिवस का भव्य उत्सव नेताजी की जन्मभूमि पर हो रहा है। कटक में नेताजी के जीवन से जुड़ी एक विशाल प्रदर्शनी भी लगाई गई है। इस प्रदर्शनी में नेताजी के जीवन से जुड़ी अनेक विरासतों को एक साथ सहेजा गया है। कई चित्रकारों ने कैनवास पर नेताजी के जीवन प्रसंग की तस्वीरें उकेरी हैं। इन सबके साथ नेताजी पर आधारित कई पुस्तकों को भी इकट्ठा किया गया है। नेताजी की जीवन यात्रा की ये सारी विरासत 'मेरे युवा भारत' को एक नई ऊर्जा देगी।

### महिलाओं-बच्चों के सशक्तीकरण से ही देश-प्रदेश होगा मजबूत

# महिला एवं बाल विकास विभाग की आमुखीकरण कार्यशाला

## महिला सुरक्षा के लिए हम प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

- **गुणवत्तापूर्ण पोषण एवं बेहतर स्वास्थ्य सुनिश्चित करना राज्य सरकार की प्राथमिकता**
- **'सशक्त नींव-उज्ज्वल भविष्य' की थीम पर आयोजित हुई एक दिवसीय कार्यशाला**
- **मुख्यमंत्री ने आईसीडीएस फील्ड कार्मिक प्रशिक्षण के लिए धौलपुर में स्किल लैब का किया वर्चुअल उद्घाटन**







चमकता राजस्थान

जयपुर, 23 जनवरी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि महिलाएं हमारी आधी आबादी हैं और बच्चे हमारे भविष्य की नींव हैं। उनके विकास और सशक्तीकरण से ही हमारा देश-प्रदेश मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बच्चों के जीवन को बेहतर बनाने, उनके स्वास्थ्य एवं गुणवत्तापूर्ण पोषण सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है। साथ ही, राज्य सरकार महिला सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।शर्मा गुरूवार को बिड़ला ऑडिटोरियम में महिला एवं बाल विकास विभाग की 'सशक्त नींव-उज्ज्वल भविष्य' की थीम पर आयोजित आमुखीकरण कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महिलाओं एवं बच्चों को सशक्त बनाने में महिला एवं बाल विकास विभाग महत्वपूर्ण कड़ी है। महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए विभागीय योजनाओं का प्रभावी रूप से क्रियान्वयन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी कार्मिक पूर्ण जिम्मेदारी, पारदर्शिता और निष्ठा से काम करते हुए योजनाओं का लाभ धरातल तक लाना सुनिश्चित करें। साथ ही, नवीनतम तकनीक एवं नवाचारों से खुद को अपडेट रखें।

### आंगनबाड़ी केन्द्रों से 43 लाख बच्चे-महिलाएं लाभान्वित

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के लगभग 43 लाख बच्चों और महिलाओं को आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से पोषाहार उपलब्ध कराया जा रहा है। पोषाहार की गुणवत्ता के लिए ओ.टी.पी. आधारित प्राप्ति तथा चेहरे से पहचान जैसे नवाचार किए गए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अमृत आहार योजना के माध्यम से बच्चों को अतिरिक्त पोषण के रूप में गर्म दूध उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों को नियमित रूप से खोलने एवं बच्चों को निर्धारित समय सारिणी के अनुसार गतिविधियां कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों की आधारभूत सुविधाओं में सुधार के लिए भामाशाहों, एनजीओ और सीएसआर भागीदारों का सहयोग लें। साथ ही, भामाशाहों की सूची आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं कार्यालयों के बाहर लगाएं जिससे बाकी लोग भी प्रेरित हों।

### योजनाओं को पारदर्शिता से करें लागू

शर्मा ने कहा कि महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए राज्य सरकार द्वारा कई महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इनमें महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र, वन स्टॉप सेन्टर, सखी केन्द्र, उद्यम प्रोत्साहन योजना, वर्क फ्रॉम होम योजना, शिक्षा सेतु योजना, अमृता हाट योजना एवं मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह अनुदान योजना शामिल हैं। महिला हेल्प लाइन नंबर 181 का भी व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। उन्होंने कहा कि काली बाई भील उड़ान योजना को पूर्ण पारदर्शिता से लागू कर पात्र लाभार्थी किशोरियों को समय पर सेनेटरी पैड उपलब्ध कराए जाएं।

### बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ से समाज में आया सकारात्मक बदलाव

मुख्यमंत्री ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना से बालिकाओं के प्रति समाज की सोच में सकारात्मक बदलाव आया है एवं बाल लिंगानुपात तथा बालिका शिक्षा में सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा लाडो प्रोत्साहन योजना लागू की गई है। इसमें बालिका के जन्म से उसके स्नातक तक की शिक्षा पूरी करने तक एक लाख की राशि की सहायता का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कर्मचारियों के हित के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। साथ ही, विभागीय रिक्त पदों को जल्द भरा जाएगा। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय में 10 प्रतिशत की वृद्धि से लगभग 1.50 लाख महिला मानदेयकर्मी लाभान्वित हुई हैं।

उपमुख्यमंत्री और महिला एवं बाल विकास मंत्री दिया कुमारी ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में बच्चों एवं महिलाओं के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। जिससे समाज में उनकी समान भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर यह आमुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें विभाग की सबसे छोटी इकाई से लेकर विभागीय अधिकारियों तक के लिए एक मंच पर संवाद हुआ है।

### मुख्यमंत्री ने कार्मिकों से किया संवाद, समर्पण भाव से काम करने के दिए निर्देश

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पर्यवेक्षक, विभागीय अधिकारियों सहित विभिन्न कार्मिकों से संवाद किया। उन्होंने कार्मिकों से योजनाओं के संचालन की जमीनी स्तर पर जानकारी, उनकी कार्यशैली सहित विभिन्न पहलूओं पर बात की। उन्होंने कार्मिकों को अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पण भाव से काम करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री डॉ. मंजू बाघमार ने भी अपने विचार व्यक्त किए.इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आईसीडीएस फील्ड कार्मिक प्रशिक्षण के लिए धौलपुर में स्किल लैब का वर्चुअल उद्घाटन किया। नवीनतम तकनीक से लैस इस स्किल लैब के शुभारंभ से आईसीडीएस कार्मिकों के प्रशिक्षण में सुविधा मिलेगी। इससे संबंधित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी इस दौरान किया गया। साथ ही, सखी वन स्टॉप सेंटर 181 के पोस्टर, डीबीटी के साथ व्यवहार परिवर्तन की रणनीति के पोस्टर तथा कालीबाई भील उड़ान योजना की पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। उन्होंने सेल्फी बूथ पर फोटो भी खिंचवाई। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के संचालन में उत्कृष्ट कार्मिकों का सम्मान भी किया गया। मुख्यमंत्री बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ तथा बाल विवाह को रोकने के लिए उपस्थित जनसमूह को शपथ भी दिलवाई। इस दौरान शासन सचिव महिला एवं बाल विकास महेन्द्र सोनी, निदेशक आईसीडीएस ओ.पी.बुनकर सहित वरिष्ठ अधिकारीगण, विभागीय कार्मिक एवं बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पर्यवेक्षक, साथिन उपस्थित रहे।

**प्रस्ताव खारिज** रक्षा मंत्रालय ने रद्द किया एलएंडटी का 70 हजार करोड़ रुपये का टेंडर

# अब जर्मनी की कंपनी करेगी छह पनडुब्बियों का निर्माण

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने छह पनडुब्बियों के लिए भारतीय कंपनी लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) का 70 हजार करोड़ रुपये का टेंडर रद्द कर दिया है। स्पेनिश कंपनी नवांतिया के साथ साझेदारी में एलएंडटी का प्रस्ताव खारिज होने के बाद अब जर्मनी की कंपनी के सहयोग से मुंबई की मझगांव डॉकयार्ड लिमिटेड प्रोजेक्ट 75 इंडिया के तहत यह पनडुब्बियां बनाएगी। चीनी नौसेना के तेजी से आधुनिकीकरण की पृष्ठभूमि में भारत अपने समुद्री क्षेत्र में चीन और पाकिस्तान से मुकाबला करने को वांछित क्षमताएं विकसित कर रहा है।

● **चीन और पाकिस्तान से मुकाबला करने की क्षमताएं विकसित कर रहा है भारत**



इसीलिए सरकार ने परमाणु और पारंपरिक दोनों तरह की कई पनडुब्बी परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

दरअसल, भारतीय नौसेना प्रोजेक्ट 75 इंडिया के तहत तीन सप्ताह तक पानी के नीचे रहने की क्षमता वाली छह उन्नत पनडुब्बियां खरीदना चाहती है। इसके लिए एलएंडटी और उसकी साझेदार कंपनी ने एयर इंडिपेंडेंट प्रोपल्शन (एआईपी) की कार्यप्रणाली को भारतीय नौसेना की टीम के सामने प्रदर्शित किया था, लेकिन नौसेना ने निविदा दस्तावेज में अपनी आवश्यकताओं के लिए उच्च स्टेल्थ सुविधाओं वाली प्रणाली की मांग की थी। भारतीय नौसेना एक समुद्र-सिद्ध एआईपी प्रणाली चाहती है, जो सुरक्षित और विश्वसनीय हो। पनडुब्बियों में उच्च स्टेल्थ सुविधाएं होनी चाहिए, जो उन्हें लंबे समय तक पानी के नीचे रहने की अनुमति दे सकें।

### लार्सन एंड टुब्रो का टेंडर अनुपालन योग्य नहीं है

रक्षा मंत्रालय के अनुसार इस सौदे के लिए जर्मनी की कंपनी थिसेनक्रुप मरीन सिस्टम्स (टीकेएमएस) और स्पेनिश कंपनी नवांतिया प्रतिस्पर्धा में थीं। पनडुब्बी अनुबंध के लिए जर्मन कंपनी के साथ मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) और स्पेनिश कंपनी के साथ लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) भारतीय साझेदार के रूप में थीं। जर्मनी की कंपनी टीकेएमएस नौसेना के जहाजों, पनडुब्बियों और सतह के जहाजों के लिए प्रौद्योगिकी और सेवाएं उपलब्ध कराती है। रक्षा मंत्रालय ने पाया है कि छह पनडुब्बियों का ऑर्डर हासिल करने के लिए लार्सन एंड टुब्रो का 70 हजार करोड़ रुपये का टेंडर अनुपालन योग्य नहीं है तथा नवांतिया ने पी75आई के लिए समुद्र में प्रमाणित एआईपी का प्रदर्शन नहीं किया है। भारतीय कंपनी एलएंडटी का 70 हजार करोड़ रुपये का टेंडर रद्द होने के बाद अब सरकारी स्वामित्व वाली मझगांव डॉकयार्ड लिमिटेड अपनी साझेदार जर्मन कंपनी थिसेनक्रुप मरीन सिस्टम्स के साथ छह पनडुब्बियां बनाने की दौड़ में एकमात्र विक्रेता रह गई है। अब रक्षा मंत्रालय परियोजना में प्रक्रियाओं के अनुसार आगे बढ़कर सभी स्तरों पर प्रक्रिया की जांच कर रहा है। संबंधित अधिकारियों को शिपयार्ड के बीच परियोजना को समान रूप से विभाजित करने के सुझाव भी दिए गए हैं। भारतीय नौसेना के लिए छह डीजल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बियों के निर्माण का यह सौदा भारत के प्रोजेक्ट-75आई के तहत किया गया है।

# सैफ अली खान के आवास पर पुलिस सुरक्षा बढ़ाई गई

एजेंसी

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने फिल्म अभिनेता सलमान खान के बांद्रा स्थित आवास पर पुलिस सुरक्षा बढ़ा दी है। हालांकि, सैफ अली खान ने हमले के बाद निजी सुरक्षा भी तैनात की है। सैफ के आवास पर जाली लगाने, सीसीटीवी कैमरा लगाने का काम भी शुरू किया गया है। दरअसल, सैफ अली खान के घर में घुसकर 16 जनवरी की रात को एक शख्स ने हमला कर दिया था। इसके बाद सैफ अली खान का परिवार अभी तक सदमे में है। इस मामले में पुलिस ने एक बांग्लादेशी शख्स को गिरफ्तार किया है। इस हमले के बाद पुलिस ने सैफ अली खान व उनके परिवार को मामले की



छानबीन तक फिलहाल सुरक्षा देने का निर्णय किया है। हालांकि, इस बारे में पुलिस की ओर से अधिकृत जानकारी भी नहीं दी गई है। हमले की जांच कर रही पुलिस को पता चला है कि सैफ अली खान के आवास पर सुरक्षा का कोई खास इंतजाम नहीं था। उनके बांद्रा स्थित आवास की बिल्डिंग पर तैनात सुरक्षा कर्मचारी घटना के समय सो रहे थे। इसलिए बांग्लादेशी शख्स को उनके आवास तक पहुंचने में आसानी हुई थी।

# बालिकाओं को बनाना होगा आत्मनिर्भर

भारत में हर साल 24 जनवरी को लड़कियों को सशक्त बनाने और समाज में उनके सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के महत्व को उजागर करने के लिए राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। यह लड़कियों के अधिकारों और अवसरों को बढ़ावा देते हुए उनकी ताकत और क्षमता का जश्न मनाने का दिन है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा 2008 में पहली बार राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाना शुरू किया गया था। देश में लड़कियों द्वारा सामना की जाने वाली सभी असमानताओं के बारे में लोगों के बीच जागरूकता फैलाना व बालिकाओं के अधिकारों के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना इसको मनाने का मुख्य उदेशा्य है। हमारे देश में यह एक बड़ी विडंबना है कि हम बालिका का पूजन तो करते हैं। लेकिन जब हमारे खुद के घर बालिका जन्म लेती है तो हम दुखी हो जाते हैं। देश में सभी जगह ऐसा देखा जा सकता है। देश के कई प्रदेशों में तो बालिकाओं के जन्म को अभिशाप तक माना जाता है। लेकिन बालिकाओं को अभिशाप मानने वाले लोग यह क्यों भूल जाते हैं कि वह उस देश के नागरिक हैं, जहां रानी लक्ष्मीबाई जैसी विरांगनाओं ने देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे। 24 जनवरी 1966 को पहली बार बतौर प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपना कार्यभार संभाला था। उस दिन की याद में राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाने लगा। राष्ट्रीय बालिका दिवस 2024 का विषय है आइए हम अपनी लड़कियों को मजबूत, स्वतंत्र और निडर बनाएं।

भारत में आज हर क्षेत्र में बालिकाओं के आगे बढने के बावजूद भी वह अनेको कुरीतियों की शिकार हैं। ये कुरीतियों उसके आगे बढने में बाधाएं उत्पन्न करती है। पढ़े–लिखे लोग और जागरूक समाज भी इस समस्या से अछूता नहीं है। आज हजारों लड़कियों को जन्म लेने से पहले ही मार दिया जाता है। आज भी समाज के अनेक घरों में बेटा, बेटी में भेद किया जाता है। बेटियों को बेटों की तरह अच्छा खाना और अच्छी शिक्षा नहीं दी जाती है। समाज में आज भी बेटियो को बोझ समझा जाता है। हमारे यहां आज भी बेटी पैदा होते ही उसकी परवरिश से ज्यादा उसकी शादी की चिन्ता होने लगती है। आज महंगी होती शादियों के कारण बेटी का बाप हर समय इस बात को लेकर चिंतित नजर आता है कि उसकी बेटी की शादी की व्यवस्था कैसे होगी। समाज में व्याप्त इसी सोच के चलते कन्या भ्रूण हत्या पर रोक नहीं लग पायी है। कोख में कन्याओ को मार देने के कारण समाज में आज लड़कियों की काफी कमी हो गयी है। देखा जाय तो अगर समाज में बेटियों को भी उचित शिक्षा और सम्मान मिले तो कभी भी बेटिया किसी भी क्षेत्र में पीछे नही रहेगी। इसलिए यदि यह कहा जाय की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना नही हम सबकी एक जिम्मेदारी है। तो इसमें कोई गलत नही है। यदि हम सभी एक अच्छे समाज का निर्माण करना चाहते है तो हम सबका यही फर्ज बनता है हम इन बेटियों को भी भयमुक्त वातावरण में पढ़ाये। उन्हें इतना सशक्त बनाये की खुद गर्व से कह सके की देखो वह हमारी बेटी है जो इतना बड़ा काम कर रही है।

आज लड़किया लड़को से किसी भी क्षेत्र में कमतर नहीं हैं। दुश्कर से दुश्कर कार्य लड़किया सफलतापूर्वक कर रही हैं। देश में हर क्षेत्र में महिला शक्ति को पूरी हिम्मत से काम करते देखा जा सकता है। समाज के पढ़े लिखे लोगों को आगे आकर कन्या भ्रूण हत्या जैसे घिनोने कार्य को रोकने का माहौल बनाना होगा। ऐसा करने वाले लोगों को समझा कर उनकी सोच में बदलाव लाना होगा। लोगों को इस बात का संकल्प लेना होगा कि ना तो गर्भ में कन्या की हत्या करेगें ना ही किसी को करने देगें तभी देश में कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लग पाना संभव हो पायेगा। एक तरफ जहां बेटी को जन्मते ही मरने के लिये लावारिश छोड़ दिया जाता है। वहीं झुंझुनू जिले की मोहना सिंह जैसी बालिकायें भी है जो आज देश में फाईटर प्लेन उड़ा कर जिले का पूरे देश में मान बढ़ा रही हैं। समाज में सभी को मिलकर राष्ट्रीय बालिका दिवस के दिन हमें लडका–लडकी में भेद नहीं करने व समाज के लोगों को लिंग समानता के बारे में जागरूक करने की प्रतिज्ञा लेनी चाहिए। पिछले कुछ वर्षों में देश में जन्म के समय लिंगानुपात में बढ़ोतरी होना शुभ संकेत हैं। संसद में एक सवाल का जवाब में महिला एवं बाल विकास मंत्री ने कहा था कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना ने बालिकाओं के अधिकारों को स्वीकार करने के लिए जनता की मानसिकता को बदलने की दिशा में सामूहिक चेतना जगाई है। इस योजना ने भारत में सीएसआर (बाल लिंग अनुपात) में गिरावट के मुद्दे पर चिंता जताई है। यह राष्ट्रीय स्तर पर जन्म के समय लिंग अनुपात (एसआरबी) में 15 अंकों के सुधार के रूप में परिलक्षित होता है। जो कि 2014 में 918 था। जबकि 2022–23 में 15 अंक बढ़कर 933 हो गया। भारत में हर साल तीन से सात लाख कन्या भ्रूण नष्ट कर दिये जाते हैं। इसलिए यहां महिलाओं से पुरुषो की संख्या 5 करोड़ ज्यादा है। समाज में निरंतर परिवर्तन और कार्य बल में महिलाओं की बढ़ती भूमिका के बावजूद रूढ़िवादी विचारधारा के लोग मानते हैं कि बेटा बुढ़ापे का सहारा होगा और बेटी हुई तो वह अपने घर चली जायेगी। बेटा अगर मुखाग्नि नहीं देगा तो कर्मकांड पूरा नहीं होगा। बालिकाओं का कोख में तो कत्ल कर उन्हे धरती पर आने से पहले ही मारा जा रहा है। उससे भी घिनोना काम जिन्दा बालिकाओं के साथ किया जा रहा है। देश में बालिकाओं के साथ हर दिन बलात्कार, प्रताडना की घटनायें अखबारो की सुर्खिया बनती हैं। बालिकायें कही भी अपने को सुरक्षित नहीं समझती हैं। चाहे घर हो या स्कूल अथवा कार्य स्थल। हर जगह वहशी भेडिये उन पर नजरे गड़ायें रहते हैं। उन्हे जब भी मौका मिलता है नोंच डालते हैं। ऐसे माहौल में देश की बालिकायें कैसे आगे बढ़ पायेगीं। बालिकाओं को कई प्रकार के भेदभाव का शिकार होना पड़ता है। समाज और राष्ट्र के विकास के लिए बालिकाओं के महत्व को स्वीकार करना और बढ़ावा देना आवशा्यक है। शिक्षा प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार है। एक शिक्षित लड़की ही अपने परिवार, समाज और राष्ट्र के आर्थिक विकास में योगदान दे सकती है। कानूनी सुरक्षा बालिकाओं के अधिकारों की सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण पहलू है। जागरूकता कार्यक्रमों और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से लड़कियों के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण को बदलने के लिए भी उतना ही आवशा्यक है।


हर साल बालिका दिवस मनाने की बजाय सरकार व समाज को मिलकर ऐसे वातावरण का निर्माण करने का प्रयास करना चाहिये जिसमें बालिकायें खुद को महफूज समझ सकें। जब तक बालिकाओं की सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था नहीं हो पायेगी तब तक बालिका दिवस मनाने की कोई सार्थकता नहीं हो पायेगी। बालिकाओं पर अत्याचार करने वालों के मन में भय व्याप्त करने के लिये सरकार को कानून में और अधिक सुधार करना चाहिये। हमारे समाज का भविष्य इस बात पर निर्भर करता है कि हम आज अपनी बच्चियों के साथ कैसा व्यवहार करते हैं और उन्हें कितना महत्व देते हैं।

# पर्यटन की अनंत संभावनाओं का देश है भारत



ललित गर्ग

जीवन में पर्यटन के सर्वाधिक महत्व के कारण ही हर साल 25 जनवरी को भारतीय पर्यटन दिवस मनाया जाता है। भारत की विविधता और बहुसंस्कृतिवाद के कारण, यह दिन देश की अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव, जीवन में खुशियां एवं मुस्कान देने वाले पर्यटन के महत्व को उजागर करने के लिए है। इस दिवस की शुरुआत 1948 के बाद आर्थिक विकास और सांस्कृतिक कूटनीति को बेहतर बनाने के लिए पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने की पहल से हुई। "अतुल्य भारत" जैसे आयोजनों को बढ़ावा दिया गया है ताकि वैश्विक स्तर पर भारतीय विरासत, पर्यटन सुंदरता एवं समृद्धता को प्रदर्शित किया जा सके। बदलते समय के साथ राष्ट्रीय पर्यटन दिवस नई पहलों, नीतिगत सुधारों और क्षेत्र की उपलब्धियों का जश्न मनाने पर ध्यान केंद्रित करने वाले दिन के रूप में विकसित हुआ है। राष्ट्रीय पर्यटन दिवस 2025 की थीम 'समावेशी विकास के लिए पर्यटन' है, जो आर्थिक विकास को प्रेरित करने में पर्यटन के महत्व पर प्रकाश डालता है, साथ ही यह सुनिश्चित करता है कि इसका लाभ भारत में समाज के सभी वर्गों तक पहुंचे। इसका उद्देश्य रोजगार सृजन और पर्यटन परम्पराओं को बढ़ावा देने, विविध भारतीय सांस्कृतिक विरासत और डिजिटल परिवर्तन को बढ़ावा देकर स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाना है। भारत विश्व स्तर पर पांचवां सबसे बड़ा यात्रा और पर्यटन बाजार बनने के लिए तैयार है। भारत में पर्यटन क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है और 2027 तक तीसरा सबसे बड़ा घरेलू बाजार बनने की उम्मीद है। 2023 में, भारत में पर्यटन पर होने वाला खर्च 2019 के 127 बिलियन डॉलर से बढ़कर 174 बिलियन डॉलर तक पहुँच गया। सबसे ज्यादा पर्यटक तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और महाराष्ट्र सहित 5 राज्यों में गए, जहाँ कुल मिलाकर 65 प्रतिशत पर्यटक आए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शिता से धार्मिक पर्यटन को नये पंख लगे हैं, अयोध्या में बना भगवान श्रीराम का मन्दिर एवं इनदिनों प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ ने धार्मिक पर्यटन के नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं। धार्मिक पर्यटन आर्थिक उन्नति और सांस्कृतिक आदान–प्रदान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। धार्मिक पर्यटन की संभावनाओं का अधिकतम लाभ लेने के लिए ऐसी सभी जगहों को बेहतरीन बुनियादी सुविधाओं, सड़क और एयर कनेक्टिविटी, आने वालों की सुरक्षा और सेवा दी जा रही है। धार्मिक पर्यटन से देश की संस्कृति को बढ़ावा मिलता है और लोगों में आस्था बढ़ती है, साथ ही, इससे अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलता है। उत्तर प्रदेश देश ही नहीं दुनिया का सर्वाधिक महत्वपूर्ण धार्मिक पर्यटन प्रांत है। देश और दुनिया के हर हिंदू के आस्था के केंद्र भगवान श्रीराम की अयोध्या, राधा–श्रीकृष्ण ने जिस ब्रज भूमि पर रास रचाए थे, श्रीकृष्ण ग्वालबालों के साथ जहां खेले–कूदे, गोपियों के माखन चुराए वह मथुरा, बरसाना, नंदगांव, गोवर्धन भी उत्तर प्रदेश में ही है। वनवास के दौरान भगवान श्रीराम ने पत्नी सीता और अनुज लक्ष्मण के साथ जहां सर्वाधिक समय गुजारा था वह चित्रकूट भी उत्तर प्रदेश में है। इसके अलावा भी प्रदेश के हर जिले या यूं कह लें हर विधानसभा क्षेत्र में ऐसे धार्मिक स्थल हैं जहां प्रतिदिन हजारों लोग जाते हैं। विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन प्रयागराज का महाकुंभ तो इसका चरमोत्कर्ष है। इस चरम के सुखद, सुरक्षित और सफल समापन के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद कटिबद्ध हैं। अयोध्या सप्तपुरियों जैसी हो गयी है, इसी क्रम में भोलेनाथ की काशी में श्री काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के निर्माण के बाद वहां सालाना आने वाले पर्यटकों की संख्या 10 करोड़ के करीब हो गई है।



राष्ट्रीय पर्यटन दिवस का महत्व बेहद सीधा और सरल है – देश में पर्यटन की प्रमुखता को उजागर करना और यह भारत की आर्थिक संभावनाओं को प्रभावित करता है। पर्यटन सिर्फ हमारे जीवन में खुशियों के पलों को वापस लाने में ही मदद नहीं कर रहा है बल्कि यह देश के सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनैतिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका का माध्यम भी बन रहा है। भारत की अर्थव्यवस्था पर्यटन–उद्योग के इर्द–गिर्द घूमती रही है। भारतीय पर्यटन दिवस वैश्विक पर्यटक को बढ़ावा देने के प्रयास हेतु मील के पत्थर के रूप में देखा जाता है एवं इस दिवस को मनाने का उद्देशा्य विश्व में भारत की समृद्ध सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, धार्मिक एवं सामाजिक विरासत को जीवंतता देना एवं उसके प्रति जन जागरूकता फैलाना है। देश की पुरातात्विक विरासत या सांस्कृतिक धरोहर केवल दार्शनिक, धार्मिक, सांस्कृतिक स्थल के लिए नहीं है बल्कि यह राजस्व प्राप्ति का भी स्रोत है। पर्यटन क्षेत्रों से कई लोगों की रोजी–रोटी भी जुड़ी है। आज भारत जैसे देशों को देखकर ही विश्व के लगभग सभी देशों में पुरानी और ऐतिहासिक इमारतों का संरक्षण, संवर्द्धन किया जाने लगा है।

भारत असंख्य पर्यटन अनुभवों और मोहक स्थलों का देश है। चाहे भव्य स्मारक हों, प्राचीन मंदिर या मकबरे हों, नदी–झरने, प्राकृतिक मनोरम स्थल हो, इसके चमकीले रंगों और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रौद्योगिकी से चलने वाले इसके वर्तमान से अटूट संबंध है। केरल, शिमला, गोवा, आगरा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, मथुरा, काशी जैसी जगहें तो अपने विदेशी पर्यटकों के लिए हमेशा चर्चा में रहती हैं। हालही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या एवं काशी की कायाकल्प करके दुनियाभर के पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित किया है। भारत में अपने लोगों के साथ लाखों विदेशी लोग प्रतिवर्ष भारत घूमने आते हैं। भारत में पर्यटन की उपयुक्त क्षमता है। यहां सभी प्रकार के पर्यटकों को चाहे वे साहसिक यात्रा पर हों, सांस्कृतिक यात्रा पर या वह तीर्थयात्रा करने आए हों या खूबसूरत समुद्री–तटों की यात्रा पर निकले हों, सबके लिए खूबसूरत जगहें हैं। दिल्ली, मुंबई, राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, दक्षिण भारत के अनेक राज्यों में तो लोगों को घूमते–घूमते महीना बीत जाते हैं।

भारत अपनी सुंदरता के लिए पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। भारत में विभिन्न संप्रदाय–धर्म और जाति के लोग एक साथ मिलकर रहते हैं। अपनी समृद्ध सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, प्राकृतिक धरोहर के कारण भारत दुनिया के प्रमुख पर्यटन देशों में शुमार होता है। यहां के हर राज्य की अलौकिक और विलक्षण विशिष्टताएं हैं जो पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करती हैं। उन पर्यटकों के लिए भारत–यात्रा का विशेष आकर्षण है जो शांत, जादुई, सौंदर्य और रोमांच की तलाश में रहते हैं। इन पर्यटकों के लिये भारत में विपुल यात्रा साहित्य अपनी एक विशेष पहचान और उपयोगिता को लेकर प्रस्तुत होता रहा है। भारतीय पर्यटन दिवस मनाते हुए पुखराज सेठिया की पुस्तक 'आओ घूमे अपना देश' एक सार्थक एवं उपयोगी पुस्तक है, जिसमें उनकी भारत की यात्राओं के दौरान अनुभूत तथ्यों का प्रभावी एवं जीवंत चित्रण किया है। जो अनेक दृष्टियों से महत्वपूर्ण सामग्री एवं मौलिक तथ्यों को पर्यटकों के सम्मुख प्रस्तुत करता है। यह भारत पल–पल परिवर्तित, नितनूतन, बहुआयामी और इन्द्रजाल की हद तक चमत्कारी यथार्थ से परिपूर्ण है। इस भारत की समग्र विविधताओं, नित नवीनताओं और अंतर्विरोधों से साक्षात्कार करना सचमुच अलौकिक एवं विलक्षण अनुभव है। जिससे इस बहुरूपी भारत को उसके बहुआयामी और निहंग वास्तविक रूप में देखा जा सके और ऊबड़–खाबड़ अनगढ़ता की परतों में छिपी सुंदरता को उद्घाटित किया जा सके। हम भारत को एक गुलदस्ते की भांति अनुभव करते हैं, एक ऐसा गुलदस्ता जिसमें भिन्न–भिन्न प्रकार के पुष्प सुसज्जित हैं। किसी फूल में कश्मीर की लालिमा है तो किसी में कामरूप का जादू। कोई फूल पंजाब की कली संजोए हैं, तो किसी में तमिलनाडु की किसी श्यामा का तरन्नुम। किसी में राजस्थान के बलिदान की गाथाएं है तो किसी में उत्तरप्रदेश की धार्मिकता। महाराष्ट्र, गुजरात, पश्चिम बंगाल और अन्य प्रदेशों में तो विविधता में सांस्कृतिक एकता के दर्शन होते हैं। इसी भांति जैसलमेर में पर्यटन से हटकर वहां संग्रहीत प्राचीन पांडुलिपियों की विशद् जानकारी, स्थापत्य कला एवं जैन दर्शनीय स्थलों का अनुभव भी अनूठा है। आज नरेन्द्र मोदी सरकार भारतीय पर्यटन को प्रोत्साहन देने के लिये उल्लेखनीय कार्य कर रही है, जिनमें भारतीय रेल की महत्वपूर्ण भूमिका है, ताकि सैलानी पर्यटन के लिहाज से सुदूर स्थलों की सैर भी आसानी से कर सकते हैं। सिमटती दूरियों के बीच लोग बाहरी दुनिया के बारे में भी जानने के उत्सुक रहते हैं। यही कारण है कि आज भारत में पर्यटन एक फलता फूलता उद्योग बन चुका है।

# रेवड़ियों पर केंद्रित होता दिल्ली विधानसभा चुनाव



सुरेश हिंदुस्तानी

दिल्ली में चुनावी घमासान के बीच रेवड़ी बांटने की प्रतिस्पर्धा–सी दिख रही है। ऐसा लगता है कि अब दिल्ली की सत्ता तक पहुँचने का मार्ग केवल मुफ्त की रेवड़ी ही है। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए राजनीतिक दल जनता के बीच अपने पिटारे से मुफ्त वाली विभिन्न योजनाएं गिना रहे हैं। इस होड़ में आम आदमी पार्टी पहले ही पिटारा खोल कर बैठी है। अब कांग्रेस और भाजपा भी उसी रास्ते की ओर प्रवृत्त है। एक तथ्य ध्यान देने योग्य है कि आम आदमी पार्टी के पास कुछ नया नहीं है क्योंकि वह पिछले चार विधानसभा चुनाव से इसी राह पर चल रही है। मुफ्त की योजनाओं के वादे करना आम आदमी पार्टी की फितरत बन गई है। इससे अलग अपेक्षा नहीं की जा सकती क्योंकि यह मार्ग उसके लिए लाभकारी साबित होता रहा है। इसलिए आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल को इस बार भी उन्हीं के नाम बाजी होने का पूरा विश्वास है।

वर्तमान में दिल्ली विधानसभा चुनाव के प्रचार में राजनीतिक दलों के नेताओं की ओर रेवड़ियों की झड़ी लगाई जा रही है। ऐसा लगता है कि दिल्ली की जनता रेवड़ी की आदी हो चुकी है। इसका राजनीतिक आशय यह भी निकाला जा सकता है कि अपना नायक चुनने के लिए किसकी रेवड़ी स्वार्थ पूर्ति करने वाली है, यह ही देखा जाएगा। इस कवायद को लालच देकर वोट प्राप्त करने का माध्यम भी माना जा सकता है क्योंकि मुफ्त में खजाना लुटाना किसी प्रकार से न्यायसंगत नहीं माना जा सकता क्योंकि इसका बोझ उस समाज पर आता है, जो योजना का लाभ लेने के पात्र नहीं होते। हालांकि सरकार की तरफ से आम जनता का ध्यान रखा ही जाना चाहिए लेकिन इसके लिए मुफ्त की योजना की जगह अन्य तरीके अपनाए जाएं तो बेहतर होगा। नहीं तो एक दिन यही योजनाएं विकास योजनाएं न होकर विनाशकारी मार्ग तैयार कर सकती हैं।




दिल्ली में एक दशक पहले भाजपा और कांग्रेस के बीच ही चुनावी लड़ाई होती रही थी, लेकिन कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार के विरोध में एक धूमकेतु की तरह अरविन्द केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी उभरी, जिसने लोक लुभावने वादे कर आम जनता का छप्पर फाड़ समर्थन प्राप्त करके दिल्ली के सिंहासन को कब्जे में ले लिया। मौजूदा चुनाव में एकबार फिर बहुकोणीय मुकाबला होने की तस्वीर बन रही है। आम आदमी पार्टी साथी दलों को हाथ छुड़ा कर अकेले ही चुनावी मैदान में उतरी है। लेकिन उसकी सबसे बड़ी परेशानी यह है कि उसके नेता अरविन्द केजरीवाल पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं। ऐसा कहना भी समुचित होगा कि केजरीवाल की कथनी और करनी में जमीन–आसमान का अंतर है। एक समय सुविधाओं को त्याग कर राजनीति करने की कसम खाने वाले केजरीवाल की जीवन शैली भौतिक सुख–सुविधाओं से भरी मालूम पड़ती है। शीशमहल के नाम से भाजपा द्वारा प्रचारित उनके आवास में लग्जरी सुविधाएं हैं। जो उनके कथन से कतई मेल नहीं रखती। ऐसे में यह कहना तर्कसंगत होगा कि इस बार केजरीवाल की राह उतनी आसान नहीं है, जो पहले थी। दूसरी बड़ी बात यह है कि इस बार के चुनाव में आम आदमी पार्टी के समक्ष गंभीर चुनौतियाँ भी हैं। केजरीवाल जमानत पर बाहर हैं, वे दोष मुक्त नहीं हुए। उनके मुख्यमंत्री कार्यालय जाने पर प्रतिबन्ध उसी समय लगा दिया गया, जब वे मुख्यमंत्री थे, ऐसी स्थिति में केजरीवाल फिर से दिल्ली के मुख्यमंत्री बनेंगे, इसकी गुंजाइश भी नहीं है।

आम आदमी पार्टी के समक्ष एक बड़ी चुनौती यह भी है कि इस बार के चुनाव में कांग्रेस और भाजपा के अलावा बहुजन समाज पार्टी और औवेसी की पार्टी भी मैदान में है। यह दोनों राजनीतिक दल जितने प्रभावी होंगे, उसका खामियाजा आम आदमी पार्टी को ही भुगतना होगा। एक गणित यह भी है कि पिछले चुनाव में अंदरूनी तौर पर कांग्रेस पार्टी का समर्थन आम आदमी पार्टी को मिला लेकिन इस बार पूरी गंभीरता के साथ कांग्रेस चुनावी मैदान में है।

कांग्रेस और भाजपा दोनों ने केजरीवाल के समक्ष वजनदार प्रत्याशी उतार कर यह संदेश तो दिया कि इस बार केजरीवाल की पार्टी आसानी से विजय प्राप्त नहीं करेगी। क्योंकि बसपा और औवेसी के आने से केजरीवाल की पार्टी को मुस्लिम और दलित मत हासिल करने में कमी आ सकती है। ये मतदाता अतीत में कांग्रेस के वोटर रहे हैं, जिससे लगता है कि इसबार यह मतदाता कांग्रेस को ही वोट देगा।

आम आदमी पार्टी के साथ यह विसंगति जुड़ती जा रही है कि वह गठबंधन का हिस्सा केवल उन राज्यों में है, जहां आम आदमी पार्टी का अस्तित्व नहीं है। जहाँ केजरीवाल की पार्टी का अस्तित्व है, वहां गठबंधन के मायने बदल जाते हैं। इसका तात्पर्य यही है कि केजरीवाल स्वार्थ सिद्धि के लिए ही गठबंधन करते हैं। यह बात सही है कि केजरीवाल को अब राजनीति की समझ आ गई है। वे एक चतुर राजनीतिक नेता की तरह चुनाव लड़ रहे हैं, लेकिन विपक्ष की एकता के सपने को चकनाचूर कर रहे हैं। हालांकि राजनीतिक विश्लेषक गठबंधन में दरार आने का ठीकरा कांग्रेस पर फोड़ रहे हैं। कुल मिलाकर यह कहना उचित होगा कि गठबंधन अब बिखरने की ओर है। खैर, मूल विषय रेवड़ी का है। मुफ्त की रेवड़ी बांटना निश्चित ही इस बात की ओर संकेत करता है कि आज राजनीतिक दलों ने आम जनता के बीच अपनी विश्वसनीयता खोई है इसीलिए चुनाव जीतने के जनता को प्रलोभन देकर वोट कबाड़ने की राजनीति की जा रही है। अब देखना यह है दिल्ली का सिंहासन किसका इंतजार कर रहा है। फिलहाल यही समझा जा रहा है कि मुख्य मुकाबला भाजपा और आदमी पार्टी के बीच है। प्रचार के लिए भाजपा के पास नेताओं की भारी भरकम फौज है तो आम आदमी पार्टी के पास केवल केजरीवाल हैं। चुनावी प्रचार के माध्यम से भाजपा अपनी बात को नीचे तक पहुंचाने का प्रयास करेगी और इसका प्रभाव भी हो सकता है। लेकिन फिर वही बात, क्या रेवड़ी के सहारे ही इस बार भी दिल्ली की सरकार बनेगी।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# 'बेटी बचाओ' पर कलंक है 20 हजार में दुल्हन की तस्करी का घिनौना धंधा



मनोज कुमार अग्रवाल

देश में मानव तस्करी का एक बड़ा जाल बिछ चुका है इस नेटवर्क से जुड़े लोग दूसरे देशों से लडकियां लाकर देश के कई हिस्सों में बेच रहे हैं इस का ताजा मामला 20,000 में एक रहीं दुल्हन बेचने का सामने आया है। एक ओर भारत सरकार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के दस साल पूरे होने का जशन मना रही है दूसरी ओर आरजी कर की डाक्टर बेटी के साथ हुई घिनौनी वारदात हो या जम्मू–कश्मीर में खरीदी गई लड़की को दुल्हन बनाने का मामला भारत में बेटियों की सुरक्षा का काला सच बयान कर रहे हैं। देश में इस नेटवर्क से जुड़े लोग दूसरे देशों से लडकियां लाकर देश के कई हिस्सों में बेच रहे हैं इस का ताजा मामला 20,000 में एक रहीं दुल्हन बेचने का सामने आया है।

रोहिंग्या शरणार्थी महिलाओं को अच्छे जीवन का लालच देकर जम्मू–कश्मीर में 'दुल्हन' के रूप में बेचा जा रहा है। दो दिन पहले कोलकाता में रेलवे पुलिस ने अब्दुल रहमान नाम के शख्स को दो बच्चियों के साथ गिरफ्तार किया है। वह इन बच्चयों को कश्मीर ले जाने की जुगत में लगा था। जम्मू कश्मीर में रोहिंग्या महिलाओं की भारी मांग है। 52 साल के एक आदमी की फैमिली लंबे टाइम से शादी के लिए लड़की ढूंढने में लगी थी, लेकिन दुल्हन नहीं मिली। वह मानसिक रूप से कमजोर था। यहां तक कि वह खुद उठकर पानी भी नहीं पी सकता था। अचानक एक दिन मोहल्ले को पता चला कि उसकी शादी हो गई। बातें खुलीं तो निकला कि लड़की रोहिंग्या है। 20,000 में कोई उसे यहां बेच गया। जम्मू– कश्मीर में ऐसे ढेरों मामले देखने को मिल रहे हैं। कोलकाता में पकडा गाय अब्दुल रहमान बांग्लादेश का रोहिंग्या मुस्लिम है और कई साल से कश्मीर में मजदूरी करता है। उसके साथ करीब 12– 12 साल की दो बच्चियां थीं, जिन्हें वो अपने साथ कश्मीर ले जा रहा था। आए दिन न जाने ऐसी कितनी ही रोहिंग्या लड़कियों को अवैध तरीके से जम्मू–कश्मीर समेत देश के कई राज्यों में लाकर जबरदस्ती 'दुल्हन' बना दिया जा रहा है। जम्मू कश्मीर में यह रैकेट लंबे समय से चल रहा है। पहले बांग्लादेश और अब म्यांमार से भी रोहिंग्या लड़कियों को यहां लाकर उनकी शादी उम्र से दोगुने शख्स से करा दी जाती है। यही नहीं दिव्यांग या मानसिक रूप से अक्षम लोग, जिनकी शादी जम्मू–कश्मीर में नहीं हो पाती है, वो भी इस अवैध तरीके से दुल्हन खरीद रहे हैं। जम्मू कश्मीर पुलिस के राडार पर ऐसे कई नेटवर्क हैं जिनकी पहचान कर ली गई है, जो एनजीओ की ओट में यह काम कर रहे थे। दिसंबर, 2024 तक 24 रोहिंग्या लड़कियां जम्मू में और 124 कश्मीर में 'दुल्हन' बन चुकी हैं। कई लड़कियां अच्छी लाइफ की तलाश में अपनी जिंदगी नरक बना चुकी हैं। बांग्लादेश और म्यांमार में रोहिंग्या बस्तियों में एनजीओ की आड़ में तस्कर लड़कियों की पहचान करते हैं। कम उम्र की लड़कियों पर इनकी नजर ज्यादा रहती है। मानव तस्करी में लगे लोग हर जगह फैले हैं। खासतौर से जहां रोहिंग्या मुसलमानों की बस्ती हैं। तस्कर लड़कियों को पश्चिम बंगाल, असम और त्रिपुरा के रास्ते अवैध तरीके से भारत में लाते हैं। फिर यहां से देश के अलग–अलग राज्यों में इन्हें भेजा जाता है। असम पुलिस के मुताबिक रोहिंग्या खासतौर से जम्मू–कश्मीर, दिल्ली, चेन्नई, हैदराबाद और केरल जाते हैं।

जम्मू कश्मीर में यह रैकेट लंबे समय से चल रहा है। पहले बांग्लादेश और अब म्यांमार से भी रोहिंग्या लड़कियों को झूठे वादे और सपने दिखाकर यहां लाया जाता है। बाद में उनकी शादी उनकी उम्र से दोगुने शख्स से करा दी जाती है। यही नहीं दिव्यांग या मानसिक रूप से अक्षम लोग, जिनकी शादी जम्मू–कश्मीर में नहीं हो पाती है, वो भी इस अवैध तरीके से दुल्हन खरीद रहे हैं। पिछले महीने ही जम्मू कश्मीर पुलिस ने ऐसे कई नेटवर्क की में और 124 कश्मीर में 'दुल्हन' बन चुकी हैं। जानकारों की मानें तो जम्मू–कश्मीर के लिए यह एक खतरनाक स्थिति हो सकती है। पाकिस्तान इसका फायदा उठा सकता है।

रोहिंग्या अवैध तरीके से राशन कार्ड से लेकर आधार कार्ड तक बनवा रहे हैं। जम्मू कश्मीर में अपनी कियों की शादी कराकर भी रोहिंग्या वहां की नागरिकता हासिल की कोशिश में जुटे रहते हैं। पुलिस को दिसंबर में ही 61 से ज्दा अवैध आधार कार्ड जम्मू में और 97 आधार कार्ड कश्मीर में मिले। जम्मू कश्मीर के पूर्व डीजीपी एस.पी. वैद के मुताबिक यहां के लोकल लोगों से रोहिंग्या लड़कियों की शादियां लंबे समय से हो रही हैं। कश्मीर से ज्यादा ये जम्मू में देखने को मिल रहा है। हमें इन्हें वापस भेजना चाहिए। हमें भी अमेरिका, यूरोप की तरह सख्त कदम उठाना चाहिए। बांग्लादेश और म्यांमार में पहले ही रोहिंग्या मुसलमानों की स्थिति सही नहीं है। ऐसे में अच्छे जीवन की तलाश में रोहिंग्या महिलाएं एक ऐसे मकड़जाल में फंस रही हैं, जिनसे बाहर निकलना उनके लिए मुश्किल हो जाता है। कुछ महिलाओं की आपबीती रोंगटे खड़े करने वाली है। एक महिला बताती है, उसे कहा गया कि बंगाल में नौकरी दिलाएंगे। फिर बस और ट्रेन से लंबा सफर कर कश्मीर ले आए। अपने से तीन गुना उम्र के शख्स के साथ शादी करा दी गई। वापस जाने की बात करो तो पति बहुत मारता है। तस्करों के चंगुल में फंसी ऐसी ही दूसरी महिलाओं की भी यही कहानी है। बताते चलें कि साल 2009 में पहली बार जम्मू–कश्मीर में रोहिंग्याओं का आना शुरू हुआ था। देश में जो संख्या कभी 200 थी, वो अब 50,000 के पार हो चुकी है। अकेले जम्मू–कश्मीर में ही 11,000 से ज्यादा रोहिंग्या हैं।

आर्मी कैंप, रेलवे स्टेशन, पुलिस लाइन जैसे संवेदनशील क्षेत्रों के पास भी इनकी बस्तियां बन रहीं हैं। मानव तस्करी, ड्रग्स तस्करी और कई अन्य अपराधों में रोहिंग्या के शामिल होने के आरोप है पाकिस्तान जम्मू–कश्मीर में बढ़ते रोहिंग्या की संख्या का फायदा उठा सकता है। जम्मू कश्मीर में बसने वाला पहला रोहिंग्या सईद हुसैन था, जिसे 2009 में यहां की राज्य सरकार ने बसाया था। रोहिंग्या मुसलमान अवैध तरीके से राशन कार्ड से लेकर आधार कार्ड तक बनवा रहे हैं। जम्मू कश्मीर में अपनी लड़कियों की शादी कराकर भी रोहिंग्या वहां की नागरिकता हासिल करने की कोशिश में जुटे रहते हैं। पिछले दिसंबर में ही पुलिस को 61 से ज्यादा आधार कार्ड जम्मू में और 97 आधार कार्ड कश्मीर में मिले। ये सभी आधार कार्ड अवैध तरीके से बनवाए गए थे।

मानव तस्करी में लगे लोग हर जगह फैले हैं। खासतौर से जहां रोहिंग्या मुसलमानों की बस्ती हैं। तस्कर लड़कियों को पश्चिम बंगाल, असम और त्रिपुरा के अवैध तरीके से रास्ते भारत में लाते हैं। फिर यहां से देश के अलग–अलग राज्यों में इन्हें भेजा जाता है। असम पुलिस ने हाल ही में इसे लेकर चिंता जताई थी। पुलिस के मुताबिक रोहिंग्या खासतौर से जम्मू–कश्मीर, दिल्ली, चेन्नई, हैदराबाद और केरल जाते हैं। जम्मू कश्मीर के पूर्व डीजीपी एस.पी.वैद के मुताबिक यहां के लोकल लोगों से रोहिंग्या लड़कियों की शादियां लंबे समय से हो रही हैं। कश्मीर से ज्यादा ये जम्मू में देखने को मिल रहा है।

दिल्ली, हरियाणा, असम, महाराष्ट्र समेत कई राज्यों में रोहिंग्याओं की संख्या बढ़ रही है। जो सरकार के लिए भी चिंता की बात है। जम्मू–कश्मीर के पूर्व डीजीपी एस.पी. वैद्य का कहना है कि यह स्थिति सही नहीं है। हमें इन्हें वापस भेजना चाहिए। वह कहते हैं कि भारत कोई धर्मशाला नहीं है। जम्मू–कश्मीर में रोहिंग्या की संख्या तेजी से बढ़ी है। यह सही नहीं है। हमें भी अमेरिका, यूरोप की तरह सख्त कदम उठाना चाहिए। खासतौर से संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार संगठन की दखलअंदाजी पूरी तरह से बंद होनी चाहिए। इस तरह के मामलों की व्यापक जांच की जानी चाहिए ताकि देश में अवैध मानव तस्करी पर नियंत्रण किया जा सके।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

# ब्याज माफिया के धोखे और जालसाजी से तंग आकर दर दर न्याय पाने को भटक रहा है अनपढ़ -भोला किसान बाबूलाल शर्मा

## ब्याज की एवज में बतौर सिक्योरिटी सवा बीघा जमीन की धोखाधड़ी करके सवा तीन बीघा जमीन कर बनवा लिया विक्रय पत्र, इकरारनामा

### फर्जी हस्ताक्षर से नया बैंक खाता खुलवा कर बैंक कर्मचारियों की मिली भगत से किया मनमज़ी से लेन-देन

### पीड़ित ने कालाडेरा पुलिस से निष्पक्ष,विधिसम्मत जांच कर, उचित प्रभावी कानूनी कार्रवाई की लगायी गुहार

चमकता राजस्थान

**जयपुर!** राजधानी जयपुर के चौमूं कस्बें के पुलिस थाना कालाडेरा परिक्षेत्र के भीलपुरा,दुतों की ढ़ाणी निवासी बाबुलाल शर्मा ने कालाडेरा थानाधिकारी को परिवाद देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित ने ब्याज माफिया मोहनलाल शर्मा के खिलाफ नामजद शिकायत करते हुए कहा कि ब्याज माफिया मोहनलाल शर्मा मनमाना ब्याज और जालसाजी धोखाधड़ी करके मेरी जमीन हड़पकर मनमानी वसूली कर रहा है इस बारे विस्तृत जानकारी देते हुए पीड़ित बाबू लाल शर्मा ने बताया किमैं बाबुलाल पुत्र कजोड मल शर्मा, निवासी- भीलपुरा दुतों की ढाणी कालाडेरा निवासी हूं मैंएक गरीब एवं अनपढ़ किसान हूं मेरे इस अनपढ़ होने का ब्याज माफिया मोहन कुमार शर्मा पुत्र परेशाराम शर्मा बाणिया वाली ढाणी परागपुरा भीलपुरा कालाडेरा तहसील जालसू आमेर ने मेरे साथ धोखा करके मुझे बग़ैर बतायें जालसाजी की, गौरतलब है मेरे द्वारा ब्याज माफिया मोहनलाल से ब्याज पर 31 लाख रूपये में मेरी 1 सवा बीघा जमीन गिरवी रखी गयी थी जिसे मोहनलाल ने मुझे बिना बताये मेरी सवा 1 बीघा की एवज में सवा 3 बीघा की विक्रय पत्र (रजिस्ट्री) इकरारनामा मेरे नाम से मेरी पत्नी मंजू देवी एवं कैलाश चन्द के नाम से बनावा लिया तथा 31 लाख में से मुझे 60 हजार नगर एवं 20 लाख मेरा नया बैंक खाता खुलवाया इंडसइंड बैंक चौमू शाखा में उसमें डालकर स्वयं ने वापस निकाल दिये जब मेरे द्वारा इस धोखाधडी का विरोध किया गया तो फिर उसने पुनः 16/12/2024 को 17 लाख 10 हजार वापस बैंक में डाल दिये जिसमें बैंक कर्मचारियों की सांठ-गांठ भी हुई है इसके अलावा मेरा मोबाईल जो बैंक में जुडा हुआ था उसे मोहन लाल ही उसका उपयोग करके दुरूपयोग में लेता था अब मैं एवं मेरा परिवार उससे इस धोखाधडी के बारे में बात करने के लिये सम्पर्क कर रहे तो वो मुझे जान से मारने एवं झुठे मुकदमें की धमकी दे रहा है। मेरे साथ हुई इस धोखाधडी पैसो को लेकर मैने पुलिस थाना कालाडेरा में भी रिपोर्ट दर्ज करवाई है। इस कारण मेरा तथा मेरे पूरे परिवार का जीव न संकट में है। अतः पीड़ित बाबू लाल शर्मा ने कालाडेरा थानाधिकारी से न्याय दिलाने और ब्याज माफिया को पाबंद करते हुए उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

## संक्षिप्त समाचार

### राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय नवीन बाड़ी में वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन



**चमकता राजस्थान धौलपुर रामदास तरुण। बाड़ी।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय नवीन बाड़ी में वार्षिकोत्सव समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तमचंद बंसल (तहसीलदार, बाड़ी), कल्याण सिंह मीणा (सीबीओ), हरिओम सिकरवार (प्रधानाचार्य), रिजवान (वार्ड पार्षद), हेमलता शर्मा, पुष्पेंद्र शर्मा, ताराचंद शर्मा, रामदास तरुण (पत्रकार), मलिक इमरान (पत्रकार), और रोहित वर्मा मंच पर विराजमान रहे। सभी अतिथियों का साफा और पुष्पमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई। विद्यालय के प्रधानाध्यापक पप्पू सिंह रावत ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए, विद्यालय की उपलब्धियों और आगामी योजनाओं पर प्रकाश डाला एसडीएमसी और समस्त विद्यालय परिवार ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। नृत्य, नाटक, और देशभक्ति गीतों के साथ-साथ धूम्रपान के प्रति जागरूकता फैलाने वाली प्रस्तुतियां कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहीं। अतिथियों ने छात्राओं को मेहनत और अनुशासन के महत्व पर मार्गदर्शन देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अंत में, विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। समारोह में रीना मीणा, बलवीर सिंह मीणा, अनीता मीणा, निशा कुशवाहा, राम बंसल, शारदा गुर्जर विद्यालय स्टाफ एवं अभिभावकों और स्थानीय गणमान्य नागरिकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति ने आयोजन को और भी खास बना दिया।

### आनंदापुरा गांव में क्रिसिल फाउंडेशन द्वारा वित्तीय साक्षरता कैंप का आयोजन



**चमकता राजस्थान। धौलपुर रामदास तरुण। धौलपुर।** राजाखेड़ा ब्लॉक के आनंदापुरा गांव में क्रिसिल फाउंडेशन द्वारा वित्तीय साक्षरता कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में 100 से अधिक महिलाओं और पुरुषों ने भाग लिया। कार्यक्रम में ग्राम विकास सचिव, सरपंच, क्रिसिल फाउंडेशन के केंद्रीय प्रबंधक हंसराज गुर्जर और तेजवीर गुर्जर, पीएनबी बैंक बीसी, और सीएफएल स्टाफ भानु शर्मा, कोमल सिंह, और पूजा चौहान उपस्थित रहे। कैंप में केंद्रीय प्रबंधक हंसराज गुर्जर ने ग्रामीणों को सोशल सिक्योरिटी और बैंकिंग वित्तीय योजनाओं के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने ऋण संबंधित योजनाओं की जानकारी भी दी। वहीं, केंद्रीय प्रबंधक तेजवीर गुर्जर ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (PMSBY), प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (PMJJBY), अटल पेंशन योजना (AP ) और सुकन्या समृद्धि योजना की जानकारी देकर लोगों को इन योजनाओं से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही, तेजवीर गुर्जर ने साइबर ठगी से बचने के उपाय बताए। उन्होंने बताया कि अगर कोई व्यक्ति ठगी का शिकार होता है, तो तुरंत 1930 पर कॉल कर सहायता ले सकता है। कैंप के माध्यम से ग्रामीणों को वित्तीय योजनाओं और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इस आयोजन ने ग्रामीणों को आत्मनिर्भर और सतर्क बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने स्काउट के डायमंड जुबली जम्बूरी सम्मेलन में की शिरकत

- **स्काउटिंग बच्चों के जीवन में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ नैतिक मूल्यों को करती है विकसित: मदन राठौड़**



**चमकता राजस्थान। जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने गुरूवार को राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड राज्य मुख्यालय जयपुर के ''डायमण्ड जुबली जम्बूरी सम्मेलन'' शिविर में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। जगतपुरा स्थित स्काउट प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि स्काउटिंग युवाओं को शैक्षणिक कौशल, आत्मविश्वास, नैतिकता, नेतृत्व कौशल और नागरिकता कौशल विकसित करने में मदद करती है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि स्काउटिंग समाज सेवा में योगदान देने के लिए भी महत्वपूर्ण है। इसमें व्यक्तित्व का विकास तो होता ही है इसके साथ ही एक अच्छा नागरिक कैसे बनें, यह भी सिखाया जाता है। स्काउट प्रशिक्षण के दौरान सिखाया गया अनुशासन व्यक्ति को जीवनभर प्रभावित करता है। स्काउट की ओर से लगने वाले जम्बूरी कैम्प में देशभर के बच्चों को एकत्रित कर उन्हें प्रशिक्षण दिया जाता है। इतना ही नहीं, सरकार की ओर से सैन्य क्षेत्र की नौकरी में स्काउट के बोनस अंक भी दिए जाते है।

# शाहपुरा में 300 महिलाओं ने श्री श्याम महायज्ञ की कलश यात्रा निकाली

## श्याम भक्ती रस में डुबा शाहपुरा कस्बा, जयकारों से गूंजायमान हुआ वातावरण

चमकता राजस्थान



**शाहपुरा (खलील कुरैशी)।** शहर के पुलिस थाने के पीछे श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम महायज्ञ को लेकर गुरुवार को श्री श्याम मंदिर कमेटी द्वारा फाफिया स्थित हनुमान जी की बगीची से 300 महिलाओं ने कलश यात्रा व 51 ध्वज यात्रा निकाली। श्री श्याम मंदिर कमेटी के अध्यक्ष जगदीश प्रसाद अजमेरी, कोषाध्यक्ष राजेश मंडोवरा, सचिव अनिल कुमार नरवल ने बताया कि यज्ञा आचार्य आतेला निवासी सत्यनारायण शर्मा व यज्ञब्रह्म धवली निवासी सत्यनारायण शर्मा के द्वारा विधि विधान से मंत्र उच्चारण सहित पूजा अर्चना करके कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा का जगह-जगह पुष्य वर्षा करके स्वागत किया गया। मंदिर संस्थापक शंकर लाल सैनी व कोषाध्यक्ष राजेश मंडोवरा ने बताया कि 24 जनवरी शुक्रवार से श्री श्याम महायज्ञ प्रारंभ होगा और यजमानों द्वारा श्री श्याम महायज्ञ में आहुतियां प्रारंभ होगी। इस दौरान मंदिर कमेटी के उपाध्यक्ष मालीराम सैनी, महासचिव बाबूलाल सैनी, कमल ब्रह्म भट्ट, रोहिताश यादव, अशोक सैनी, मूलचंद सैनी, ईश्वर लाल सैनी, छाजू लाल सैनी, मनोहर मामोडिया, तुलसी शर्मा सहित कार्यकर्ता ने व्यवस्था बनाने में सहयोग प्रदान किया।

# कांग्रेसियों ने मनाई नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती

## विधायक डॉ विकास चौधरी के नेतृत्व में अंबेडकर सर्किल स्थित सुभाष पार्क में नेताजी को किया गया याद..

चमकता राजस्थान



रघुनंदन पारीक श्रीनगर

अजमेर। मदनगंज किशनगढ़। कांग्रेस कमेटी किशनगढ़ द्वारा विधायक डॉ विकास चौधरी के नेतृत्व में अंबेडकर सर्किल स्थित सुभाष पार्क में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। विधायक चौधरी ने कहा कि देश की आजादी में सुभाष चंद्र बोस के अहम भूमिका रही, उन्होंने आजाद हिंद फौज की स्थापना की। देश में जागृति लाने के लिए पूरे देश में भ्रमण किया, जनता के बीच में स्वतंत्रता का अलख जगाई । नेताजी सुभाष चंद्र बोस और सभी स्वतंत्रता सेनानियों ने जो देश की आजादी और उसके बाद नव भारत निर्माण का जो सपना देखा था। कांग्रेस ने पंचवर्षीय योजना चलाकर, कृषि सहित अन्य क्षेत्र को मजबूत कर पूरे देश की अर्थव्यवस्था के साथ आधारभूत संरचना को मजबूत किया ।

विधायक चौधरी ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के द्वारा महान स्वतंत्रता सेनानियों का अपमान किया जा रहा है, उनके द्वारा संविधान की मूल भावनाओं को ताक रखा जा रहा है । देश की जनता उनके घमंड को तोड़ेगी और फिर से देश सेवा के लिए कांग्रेस सरकार बनाएगी।

इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहित खंडेलवाल, नेता प्रतिपक्ष हमीदा बानो, नगर अध्यक्ष आजम कुरैशी, एडवोकेट दिनेश चौधरी, महेंद्र सेन, इकराम मंसूरी, परमेश्वर बाना, किशन गहलोत, घनश्याम सोढा, प्रमोद शर्मा, जगदीश गौरा , महेंद्र सेन, अन्नू शर्मा ,कैलाश शर्मा, नासिर हुसैन,दीपक मेघवाल, सुशील अजमेरा, मदन मेघवाल, अयूब डायर, इकराम मंसूरी, मुग़ैयर ख़ान, गणेश आचार्य, विष्णु आचार्य, कृष्णावतार शर्मा, आसिफ़ भाटी, शकील कुरैशी, अब्बास सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे ।

### भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों ने करी प्रभावी कार्रवाई

- **जयपुर में असिस्टेंट प्रोफेसर हाल कार्यवाहक प्रिंसिपल रवि शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय नेवटा जयपुर व दलाल 25000 रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार**



**चमकता राजस्थान। जयपुर! (खलील कुरैशी) 23 जनवरी, गुरूवार।** एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी जयपुर ईकाई तृतीय, जयपुर द्वारा कार्यवाही करते हुये आरोपीगण राजकुमार ढाका असिस्टेंट प्रोफेसर हाल कार्यवाहक प्रिंसिपल, रवि शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय नेवटा जयपुर व दलाल शयोजीराम चौधरी ई-मित्र संचालक, नेवटा को परिवादी से 25000 रूपये रिश्वत के रूप में प्राप्त करने पर गिरफ्तार किया है।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ० रविप्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी जयपुर ईकाई तृतीय, जयपुर को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि परिवादी की बी०एड० प्रथम वर्ष की उपस्थिति शॉर्ट नहीं करने, प्रेक्टिकल में फेल नहीं करने व बी०एड० प्रथम वर्ष इंटर्नशिप हेतु कॉलेज रिलिविंग लेटर (कार्यमुक्ति प्रमाण-पत्र) देने की एवज में 42,000/- रूपये रिश्वत राशि मांग कर पिछले छः महिने से परेशान किया जा रहा है।जिस पर एसीबी जयपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस-प्रथम कालूराम रावत के सुपरविजन में एसीबी जयपुर नगर ईकाई तृतीय के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्ञान प्रकाश नवल के निर्देशानुसार सुरेश कुमार स्वामी उप अधीक्षक पुलिस द्वारा शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज उनके द्वारा मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुये आरोपीगण राजकुमार ढाका असिस्टेंट प्रोफेसर हाल कार्यवाहक प्रिंसिपल रवि शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय नेवटा जयपुर व दलाल शयोजीराम चौधरी ई-मित्र संचालक नेवटा को परिवादी से 25000 रूपये की रिश्वत प्राप्त करने पर गिरफ्तार किया गया।एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव, के निर्देशन में आरोपीगण से पूछताछ की कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जावेगा।

# पुलिस महानिदेशक एसीबी डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा के कुशल निर्देशन एवं उचित प्रबंधन में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों ने दिया प्रभावी कार्रवाई को अंजाम

## जिला परिवहन अधिकारी जयपुर संजय शर्मा के खिलाफ एसीबी ने कसा कानूनी शिकंजा, आय से अधिक सम्पत्ति अर्जित का प्रकरण करा दर्ज

- **जयपुर, भरतपुर एवं मुराबादबाद यूपी स्थित 10 ठिकानों पर छापे,आवास एवं अन्य ठिकानों पर तलाशी जारी**

चमकता राजस्थान



जयपुर(खलील कुरैशी) 23 जनवरी गुरुवार/ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. की विभिन्न टीमों द्वारा जयपुर, भरतपुर एवं मुरादाबाद यूपी में अल सुबह कार्यवाही करते हुये संजय शर्मा जिला परिवहन अधिकारी, विद्याधर नगर जयपुर के विरूद्ध दर्ज आय से अधिक सम्पत्ति अर्जित करने के प्रकरण में आरोपी के 10 विभिन्न ठिकानों पर छापा मारकर तलाशी अभियान चलाया गया ।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ब्यूरो मुख्यालय को गोपनीय सूत्र-सूचना प्राप्त हुई थी कि संजय शर्मा जिला परिवहन अधिकारी, विद्याधर नगर जयपुर द्वारा भ्रष्टाचार के साधनों द्वारा अपने एवं अपने परिजनों के नाम से अपनी वैध आय से आनुपातिक रूप से अधिक चल-अचल सम्पत्तियाँ अर्जित की गई है, जिनकी अनुमानित खरीद कीमत करोड़ों रुपयों से अधिक है।उक्त सूत्र-सूचना का ए.सी.बी. की आसूचना शाखा व जयपुर नगर चतुर्थ द्वारा गोपनीय रूप से सत्यापन किया गया एवं तथ्यों की पुष्टि होने पर आय से अधिक सम्पत्तियाँ अर्जित का मामला बनना पाये जाने पर प्रकरण दर्ज किया गया। एसीबी जयपुर के उप महानिरीक्षक कालूराम रावत के सुपरवीजन में ए.सी.बी. की अजमेर इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भागचन्द्र, अनुसंधान अधिकारी के नेतृत्व में सक्षम न्यायालय से तलाशी वारंट प्राप्त किया जाकर ओमप्रकाश किलानियां एएसपी चौकी द्वितीय जयपुर अमित सिंह एएसपी एसीबी भरतपुर सुनिल सिहाग एएसपी एसीबी चौकी जयपुर ग्रामीण, रविन्द्र सिंह उप अधीक्षक पुलिस एसीबी चौकी सीकर नवल किशोर उप अधीक्षक पुलिस एसीबी चौकी दौसा परमेश्वर लाल उप अधीक्षक पुलिस एसीबी चौकी भिवाडी रघुवीर शरण शर्मा पुलिस निरीक्षक एसीबी एसआईयू जयपुर सज्जन सिंह पुलिस निरीक्षक एसीबी एसआईयू जयपुर, कंचन भाटी पुलिस निरीक्षक एसीबी अजमेर, अर्चना मीणा पुलिस निरीक्षक एसीबी एसयू प्रथम जयपुर की विभिन्न टीमों ने एक साथ, आज अलसुबह आरोपी के जयपुर, भरतपुर एवं मुरादाबाद यूपी स्थित 10 विभिन्न ठिकानों पर तलाशी की कार्रवाई की गई।आरोपी व इसके परिवाजनों के नाम कृष्णा नगर में एक मकान, करणी नगर में एक प्लॉट, अलीगढ उत्तरप्रदेश में एक भूखण्ड, चिडिया भवन, बिलारी मुरादाबाद उत्तरप्रदेश में 25 बीघा जमीन मिले। इसके अतिरिक्त आरोपी अपने बच्चों की उच्च शिक्षा विदेश में कराने संबंधित दस्तावेज, अनेक बीमा पॉलिसियों में निवेश, दो बैंक लॉकर एवं विभिन्न बैंको में अनेक बैंक खाते जिनमें लाखों रुपये जमा हैं, भी मिले हैं। विदेश यात्राओं की जानकारी भी प्राप्त हुई जिनके संबंध में जांच की जा रही है। बैंक लॉकरों की तलाशी लिया जाना शेष है।ब्यूरो के प्राथमिक आकलन, प्रथम सूचना रिपोर्ट एवं अब तक तलाशी में मिले दस्तावेजों के अनुसार आरोपी संजय शर्मा द्वारा अपने सेवाकाल में भ्रष्टाचार के साधनों द्वारा करोड़ों रुपये की खरीद कीमत की अनेक चल-अचल परिसम्पत्तियां अर्जित करने का अनुमान है, जो उनकी वैध आय से आनुपातिक रूप से कहीं अधिक है इसके अतिरिक्त आरोपी एवं उसके परिजनों द्वारा कई बेनामी परिसम्पत्तियों में निवेश के साक्ष्य मिले हैं. जिनकी विस्तृत जाँच की जायेगी।एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में ए.सी.बी. की विभिन्न टीमों द्वारा आरोपी के ठिकानों पर तलाशी अभियान जारी है। मामले में एसीबी द्वारा आय से अधिक सम्पत्ति अर्जित करने के प्रकरण में अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई



**चमकता राजस्थान/धौलपुर रामदास तरुण। बाड़ी। 23 जनवरी** को स्थानीय अंकित ज्ञान मंदिर माध्यमिक विद्यालय, बाड़ी में आज़ादी के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवा निवृत्त सूबेदार मेजर मुकेश चंद्र शर्मा ने सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने नेताजी के अद्वितीय योगदान और जीवन मूल्यों पर प्रकाश डाला। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. राकेश दीक्षित ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में नेताजी के व्यक्तित्व और कृतित्व को प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि हमें देश के महापुरुषों की जीवनी और उनके आदर्शों को आत्मसात कर राष्ट्रभक्ति को सर्वोपरि रखना चाहिए।

इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक राजेश कुमार सेन, बच्चन सिंह, ललिता दीक्षित, माही दीक्षित और सोफिया खान ने आयोजन में भागीदारी की अभिभावकों और अन्य गणमान्य नागरिकों, जैसे राधेश्याम तिवारी और मनोज सिंह, की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष बनाया।

कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने नेताजी के जीवन से प्रेरित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिससे माहौल देशभक्ति से ओतप्रोत हो गया।

### गर्भवती महिला को सड़क न होने के कारण खाट पर जन्मा बच्चा, एम्बुलेंस स्टाफ की मानवीयता की सराहना

**भोपाल/एजेंसी।** मध्य प्रदेश में विकास के तमाम दावों के बीच एक बार फिर जो तशवीरें सामने आई है वो आपको झकझोर देंगी जब एक गर्भवती महिला को रात का अँधेरे में लोगों के कन्धों पर खाट के ऊपर बच्चे को जन्म देना पड़ा। इस मामले में सुखद बात ये है कि माँ और नवजात दोनो मजफूज है। मामला दमोह जिले के कुम्हारी थाना क्षेत्र के डोला गाँव का है यहाँ रहने वाली प्रसूता शारदा अहिरवाल को बीती रात दर्द हुआ उसकी डिलवरी होनी थी। परिजनों ने 108 एम्बुलेन्स को कॉल किया और एम्बुलेन्स भी पहुंच गई लेकिन महिला और एम्बुलेन्स के बीच की दूरी दो किलोमीटर तब भी थी क्योंकि मेन रोड से गावँ तक का दो किलोमीटर का सफऱ एम्बुलेन्स चाह कर भी पूरा नही कर पा रही थी क्योंकि डोला गावँ तक पहुंचने सडक ही नही थी। शारदा दर्द से तड़प रही थी अस्पताल तक जाने एम्बुलेन्स भी खड़ी थी लेकिन सब बेबस थे। इस बीच एम्बुलेन्स के स्टाफ ड्रायवर ने मानवीयता का परिचय दिया ये लोग पैदल ही गावँ तक पहुंचे, पीड़ित महिला को खाट पर लिटाया और जंगली पगडंडी वाले रास्ते से खाट पर लेकर सफर शुरू किया।

महिला एम्बुलेन्स तक पहुंचती उसके पहले ही रास्ते मे महिला ने बच्चे को जन्म दे दिया। जैसे तैसे खाट पर जन्मे बच्चे और मां को लेकर एम्बुलेन्स तक लाया गया और फिर दोनो को जिला अस्पताल लाया गया जहां महिला को दाखिल कराया गया है। जिला अस्पताल में डाक्टर्स ने दोनो को अपनी देखरेख में रखा है और राहत की बात ये है कि दोनो स्वस्थ्य हैं और फिलहाल खतरे से बाहर हैं। इस पूरे मामले में एम्बुलेन्स के स्टाफ की सराहना पीड़ित महिला का परिवार कर रहा है वहीं हालातो ने फिर व्यवस्था पर सवालिया निशान जरूर लगाएं हैं।

### सौरभ शर्मा मामले में छह गांवों का रिकॉर्ड तलब करेगी ईडी

**भोपाल/एजेंसी।** लोकायुक्त, आयकर और ईडी के छापों के बाद चर्चा में आए परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा के ठिकानों से बरामद संपत्ति के दस्तावेजों को लेकर ईडी अब भोपाल के आस-पास स्थित छह गांवों का रिकॉर्ड तलब करने जा रही हे। सौरभ शर्मा के यहां छापों के दौरान बरामद प्रॉपर्टी के कई कागजात अन्य नामों से भी मिले हैं। इनकी पूरी पड़ताल के लिए रिकॉर्ड तलब किया जाएगा। ईडी इसके अलावा हाल ही में आयकर छपों के बाद चर्चा में आए राजेश शर्मा की त्रिशूल कंस्ट्रक्शन के साथ सौरभ के बिजनेस कनवेंशन की जांच भी करेगा। दोनों छापों के दौरान ये समानता देखने को मिली है कि सौरभ शर्मा और राजेश शर्मा के ठिकानों से भोपाल से सटे गांवों की बेशकीमती जमीनों की खरीद-फरोख्त के दस्तावेज मिले हैं। अब ईडी को यह शक है कि सौरभ और उसके राजेश का आपस में बिनेस कनेक्शन रहा है। ईडी से जुड़े सूत्रों के अनुसार मेंडोरा-मेंडोरी, बरखेड़ा नाथू, बरखेड़ी बाजयाफ्त, निपानिया, रोलूखेड़ी समेत लगभग आधा दर्जन गांवों का रिकॉर्ड तलब किया जाएगा। सौरभ शर्मा और राजेश शर्मा के यहां छापों में भोपाल शहर से सटे इन्हीं गांवों में जमीनों की खरीदी बिक्री के कागजात मिले हैं। फिलहाल करोड़ों की संपत्ति के इन दस्तावेजों के जरिए ईडी सौरभ शर्मा और राजेश शर्मा के बिजनेस कनेक्शन को खंगाल रही हे। इसके साथ ही ईडी इन जमीनों की असली वैल्यू भी पता लगाने में जुटी है, क्योंकि दस्तावेजों में काफी कम कीमत पर जमीनों की रजिस्ट्री कराई गई है, जबकि बाजार भाव इससे कहीं ज्यादा है। इसके चलते सरकार को भी करोड़ों रुपए के राजस्व का नुकसान हुआ है।

---

सभी ने ली सड़क सुरक्षा की प्रतिज्ञा, यातायात नियमों की पालना का संकल्प

# आरपीए में दो दिवसीय रोड सेफ्टी प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**दूसरे दिन भी हुए 6 सेशन,विषय विशेषज्ञों ने ट्रैफिक कर्मियों एवं विद्यार्थियों से किया संवाद, रोड सुरक्षा पर हुई विस्तृत चर्चा**

चमकता राजस्थान






जयपुर!(खलील कुरैशी) 23 जनवरी। राजस्थान पुलिस व परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में रोड सेफ्टी विषय पर राजस्थान पुलिस अकादमी में आयोजित दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिग प्रशिक्षण कार्यक्रम का गुरुवार को समापन हुआ। अंतिम दिन भी 6 सेशन आयोजित हुए, जिनमें रोड सुरक्षा पर विस्तृत चर्चा कर विभिन्न सवालों के समाधान पर विचार रखे गए। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने सड़क सुरक्षा की प्रतिज्ञा लेते हुए यातायात नियमों के पालन का संकल्प लिया एडीजी एवं निदेशक आरपीए एस सेंगाथिर ने बताया कि गुरुवार को राजस्थान पुलिस अकादमी में रोड सेफ्टी विषय पर कैपेसिटी बिल्डिग प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन की शुरूआत एडीजी एटीएस एवं एसओजी वी.के. सिंह के उद्बोधन से हुई। जिसमें उन्होंने ट्रैफिक कर्मियों एवं विद्यार्थियों से संवाद कर ट्रैफिक सुरक्षा सम्बन्धी विभिन्न विचारों को सामने रखा एवं उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया।

एडीजी सेंगाथिर ने बताया कि द्वितीय सत्र में मुस्कान फाऊंडेशन जयपुर के डॉ. मृदुल भसीन द्वारा ट्रैफिक एवं रोड सुरक्षा शिक्षा- एक समग्र दृष्टिकोण विषय के ऊपर चर्चा की एवं मुस्कान फाउंडेशन द्वारा किए गए नवाचारों के बारे में अवगत कराया। तृतीय सत्र में आईआरएससी नई दिल्ली के सह संस्थापक श्री दीपांशु गुप्ता ने सड़क सुरक्षा के संदर्भ में देश के यूथ को जोड़ने का आ''ान किया एवं सड़क सुरक्षा विजन जीरो अभियान के तहत प्रत्येक नागरिक को जागरुक एवं संवेदनशील 'गुड समारिटन' बनाने के लिए प्रेरित करने की आवशयकता जताई।चतुर्थ सत्र में सड़क सुरक्षा के राज्य नोडल अधिकारी एल.एन. पांडे द्वारा बे-सिक लाइफ सपोर्ट तकनीक एवं सीपीआर का मंच से व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया एवं दुर्घटना पीड़ितों की सहायता के लिए सरकार की विभिन्न योजनाओं के ऊपर विस्तृत चर्चा करीं। पंचम सत्र के वक्ता वरिष्ठ निदेशक एनआईसी एवं राज्य समन्वयक ई ट्रांसपोर्ट सेवाएं जयपुर श्रीपाल यादव ने इंटेलिजेंट यातायात प्रबंधन प्रणाली (आईटीएमसी) एवं 'एकीकृत सड़क दुर्घटना डाटाबेस (आईआरएडी) तकनीकों के बा-रे में जानकारी दीं। उन्होंने सड़क सुरक्षा तकनीक में नई प्रगति का उपयोग करके, देशभर की सड़कों को किस तरह से जनसामान्य के लिए सुरक्षित बनाया जा सकता है, के बारे में विस्तृत व्याख्यान दिया।छठे सत्र के वक्ता आरएएस अधिकारी महावीर सिंह द्वारा 'सड़क दुर्घटनाओं में मौतों की दर को कम करने एवं सड़क सुरक्षा में सुधार करने संबंधी सुझाव प्रस्तुत किए एवं सर्वोत्तम अभ्यास को अपनी कार्य प्रणाली व दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प दिलवाया।कार्यक्रम के समापन सत्र में निदेशक इंटेलिजेंस प्रशिक्षण अकादमी दीपक भार्गव ने सभी का आभार जताया। अंत मे सभी प्रतिभागियों को सड़क सुरक्षा प्रतिज्ञा दिलवाते हुए यातायात नियमों के पालन का संकल्प दिलाया।

---

## भविष्य की आशयकताओं को ध्यान में रखते हुए करें प्लानिंग- वैभव गालरिया (प्रमुख शासन सचिव नगरीय विकास एवं आवासन विभाग)

**खातीपुरा रेलवे स्टेशन के विकास कार्यो को लेकर ली समीक्षा बैठक**



चमकता राजस्थान


जयपुर। खातीपुरा रेलवे स्टेशन पर चल रहे विकास कार्यों को लेकर गुरुवार सुबह नगरीय विकास एवं आवासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव वैभव गालरिया ने आवासन भवन में समीक्षा बैठक ली । इस बैठक में जयपुर के खातीपुरा रेलवे स्टेशन के विकास कार्यों की समीक्षा के साथ -साथ भविष्य की आवशयकताओं को लेकर भी गहन मंथन किया गया । बैठक में खातीपुरा रेलवे स्टेशन के पास पार्क विकसित करने, बहुमंजिला पार्किंग स्थल बनाने, मार्केट एरिया विकसित करने तथा भविष्य में भड़ने वाले यात्रीभार के सुगम आवागमन को लेकर प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए । श्री गालरिया ने कहा कि खातीपुरा रेलवे स्टेशन जयपुर के अहम रेलवे स्टेशनों में से एक है इस स्टेशन पर लगातार भड़ती यात्रियों की संख्या को ध्यान में रखते हुए अभी से प्रभावी योजना तैयार करने की आवशयकता है, ना सिर्फ स्टेशन के अंदर बल्कि स्टेशन के बाहर भी यात्रियों का आवागमन सुगम हो इसका हमे विशेष ध्यान रखना होगा ।

इस बैठक में जेडीए आयुक्त श्रीमती आनंदी, आवासन आयुक्त डॉ रश्मि शर्मा, सचिव डॉ अनिल पालीवाल,मुख्य अभियंता प्रथम अमित अग्रवाल , मुख्य नगर नियोजक अनिल माथुर सहित रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे ।

---

## जयपुर विकास प्राधिकरण ने की कार्रवाई

- **जोन-9 में आम रास्ते को कराया अतिक्रमण मुक्त**



**चमकता राजस्थान। जयपुर!(खलील कुरैशी) 23 जनवरी।** जयपुर विकास प्राधिकरण जोन-09 ग्राम टीलावाला, तहसील सांगानेर में गैर मुमकिन सरकारी आम रास्तें को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया जोन-09 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम टीलावाला, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर के खसरा नं. 180 जेडीए स्वामित्व के गैर मुमकिन सरकारी आम रास्तें पर अवैध कब्जा-अतिक्रमण कर दीवार बनाकर रास्ता अवरूद्ध कर रखा था जिससे स्थानीय लोगों आमजन को रास्ते को लेकर भारी समस्या का सामना करना पड रहा था जिसकी शिकायत प्राप्त होने पर आज जोन-09 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर गैर मुमकिन आम रास्तें को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।उक्त कार्यवाही मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-चतुर्थ, प्रवर्तन अधिकारी जोन-09 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।प्रवर्तन प्रकोष्ठ जविप्रा द्वारा वर्ष 2024 में 23 एवं वर्ष 2025 में 04 आज तक कुल 27 गैर मुमकिन सरकारी आम रास्तों को अतिक्रमण मुक्त करवाया जा चुका है।

---

**अजमेर जिले के किशनगढ़ में आयोजित हुआ वार्षिकोत्सव कार्यक्रम**

# सरकार शिक्षा और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए प्रतिबद्ध : केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री चौधरी

चमकता राजस्थान



**जयपुर!(खलील कुरैशी) 22 जनवरी।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने अपने संसदीय क्षेत्र के प्रवास के दौरान बुधवार को गृहक्षेत्र किशनगढ़ के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय फरासिया एवं महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय राजारेडी में आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए। उन्होंने छात्र-छात्राओं से संवाद करते हुए शुभकामनाएं दी और विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान चौधरी ने विद्यालय परिसर में सांसद कोष सहित विभिन्न मदों से निर्मित हुए कक्षा-कक्षों का लोकार्पण भी किया।वार्षिकोत्सव कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री ने कहा कि देश का भविष्य आप जैसे होनहार विद्यार्थियों के हाथों में है। शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों और अनुशासन का पालन करना ही सफलता का मूलमंत्र है। आपका परिश्रम न केवल आपके परिवार बल्कि राष्ट्र को भी गौरवान्वित करेगा। उन्होंने विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों और विद्यार्थियों का योगदान समाज के लिए प्रेरणादायक है। चौधरी ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार शिक्षा और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इन नई सुविधाओं से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने में सहायता मिलेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय श्रीनगर में होगा जनवरी25 को वार्षिक उत्सव समारोह

**चमकता राजस्थान। रघुनंदन पारीक श्रीनगर।** अजमेर जिले की श्रीनगर पंचायत समिति के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय श्रीनगर में 25 जनवरी को वार्षिक उत्सव मनाया जाएगा उसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण के दौरान भामाशाह सम्मान समारोह भी रखा गया है !

### कानोता रोड़ पर जेडीए की मनमर्ज़ी पूर्ण तानाशाही कार्रवाई के विरुद्ध कॉलोनीवासियों ने किया जेडीए भवन के बाहर विरोध प्रदर्शन,

- **जयपुर विकास आयुक्त एवं महानिरीक्षक पुलिस जविप्रा से मुलाक़ात कर रखी मांग**
- **जेडीए जोन 13, जोन 10 में जेडीए प्रशासन ने मनचाहा रैवया अपनाकर मचाया तांडव का लगाया आरोप**





**चमकता राजस्थान। जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण ने अवैध कॉलोनियों पर मनमानी और तानाशाही पूर्ण सख्त रवैया अपनाकर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कर लोगों के उम्मीदों और खूशीयों आशियानों को उजाड़ने का काम शुरू कर दिया है. इस दौरान प्राधिकरण के निशाने पर कॉलोनियों में फ्लैट्स .और भू-खंड बेचने वाले कॉलोनाइजर तथा यहां बसने वाले आम नागरिक है जिन्होंने इन कॉलोनियों में निर्माण कार्य किए हैं. हालांकि आगरा रोड जोन 10 का ज्यादातर हिस्सा इकॉलोजीकल जोन में आता है जिसपर सैकड़ों नवीन कॉलोनीयां सृजित की जा चुकी हैं पर जेडीए के प्रवर्तन दस्ते के कुछ विशेष कालोनी और कालोनाइजर्स ही टारगेट पर हैं. आपको बता दें कि अगस्त 2024 से लेकर अबतक सैंकड़ों कॉलोनीया और मकान आगरा रोड़, कानोता रोड़ जोन 10, जोन 13 जोन 14 जोन 11, जोन 12 सहित जगतपुरा, सीकर रोड़ और पीएनआर में सीज किए गए हैं. इसके साथ सैटबैक की अनेदखी पर उन्हें ध्वस्त भी किया गया हैं.इसी के तहत ही सैकड़ों की तादाद में आगरा रोड निवासी स्थानीय लोग भाजपा से आदर्श नगर विधायक प्रत्याशी रवि नैय्यर के नेतृत्व जयपुर विकास प्राधिकरण कार्यालय भवन सामने इकठ्ठा होकर जेडीए प्रशासन पर भेदभाव पूर्ण कार्रवाई का पुरजोर विरोध किया इसके साथ ही उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए अपनी व्यथा सुनाते हुए कहा कि जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा पुरानी कॉलोनीयों जो पुरी तरह से सृजित हो गयी जहां हजारों लोग अपना जीवनयापन करते हैं उन्हें टारगेट करके कार्रवाई के नाम पर उनके सपनों के आशियानों को उजाड़ने का काम किया जा रहा है जबकि जयपुर में पृथ्वीराज नगर, बरकत नगर जगतपुरा कालोनी, जामडोली,खो नागोरियान, इंदिरा गांधी नगर,खोरी रोपाड़ा, नाई की थड़ी, मानबाग खोर, वाटीका, कालवाड़ रोड सीकर रोड़ पर सैकड़ों नवीन कालोनीयां बस चुकी हैं जहां पर जेडीए की कार्रवाईयां नगण्य रही इसके साथ ही आगरा रोड और कानोता रोड़ अनेक नवीन अवैध कॉलोनियों निर्माणाधीन हैं जो शायद किसी व्यवस्था के तहत जयपुर विकास प्राधिकरण को नज़र नहीं आ रही हैं ऐसे एकतरफा अन्याय पूर्ण इस कार्रवाई को अब किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा इसी क्रम में सैंकड़ों की संख्या में आम नागरिक और मजदूर जेडीए पहुंचे. इस दौरान उन्होंने इस कार्रवाई का विरोध किया. इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने इस तरह की कार्रवाई को रोकने के लिए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, नगर निकाय एवं आवासन मंडल मंत्री झाबर सिंह खर्रा से हस्तक्षेप की मांग भी की इसके साथ ही भाजपा नेता रवि नैय्यर के निर्देशन एवं नेतृत्व में यह लोग जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी तथा महानिरीक्षक पुलिस जविप्रा कैलाश चन्द विश्नोई से मिले, और उन्होंने अपनी पीड़ा से अवगत करवाया इसके अलावा जेडीए प्रशासन की मनमानी तानाशाही और टारगेट करके कुछ विशेष कॉलोनी पर पीला पंजा चलाकर अराजकता फैलाकर दहशत के माहौल से निजात दिलाने की गुहार लगाई जिसपर उन्होंने इसकी जांच करके नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# महिलाओं को समाज में समान दर्जा और सम्मान दिलाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं : दिया कुमारी

चमकता राजस्थान






**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने जयपुर में राजस्थान महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित ₹सशक्त नींव, उज्जवल भविष्य₹ कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, महिला पर्यवेक्षक, विभाग अधिकारी, प्रोटेक्शन ऑफिसर, कार्मिकों एवं साथिन महिलाओं के साथ संवाद उनका अनुभव और समस्याएं जानी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रेरणादाई मार्गदर्शन एवं माननीय मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में राजस्थान में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कई प्रयास किए जा रहे हैं। इन योजनाओं के तहत महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, और आर्थिक अवसर प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें समाज में समान दर्जा और सम्मान दिलाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री श्रीमती मंजू बाघमार ,महेंद्र सोनी,ओ.पी. बुनकर एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## सैफ पर एक और मुसीबत

# भोपाल में पटौदी परिवार की 15,000 करोड़ की संपत्ति पर संकट

## सरकार कर सकती है जब्त

भोपाल।

बॉलीवुड अभिनेता और मंसूर अली खान पटौदी के वारिस सैफ अली खान के परिवार की भोपाल स्थित करोड़ों की संपत्ति पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। हाईकोर्ट द्वारा 2015 में लगी रोक हटाए जाने के बाद अब सरकार इस संपत्ति को जब्त कर सकती है। इस संपत्ति की अनुमानित कीमत 15,000 करोड़ रुपये बताई जा रही है। सरकार इसे शत्रु संपत्ति अधिनियम, 1968 के तहत अपने नियंत्रण में ले सकती है।

- **फ्लैग स्टाफ हाउस समेत कई संपत्तियां खतरे में**

इस संपत्ति में फ्लैग स्टाफ हाउस जैसी ऐतिहासिक इमारतें शामिल हैं, जहाँ सैफ अली खान का बचपन बीता है। इसके अलावा नूर-उस-सबा पैलेस, दार-उस-सलाम और अन्य संपत्तियां भी इस जब्ती के दायरे में आ सकती हैं। जस्टिस विवेक अग्रवाल ने आदेश देते हुए कहा कि संशोधित शत्रु संपत्ति अधिनियम, 2017 के तहत कानूनी उपाय मौजूद हैं और संबंधित पक्षों को 30 दिनों के भीतर अपनी बात रखने का निर्देश दिया है।

- **क्या है शत्रु संपत्ति अधिनियम?**

शत्रु संपत्ति अधिनियम केंद्र सरकार को विभाजन के बाद पाकिस्तान चले गए लोगों की संपत्ति जब्त करने का अधिकार देता है। भोपाल के आखिरी नवाब हमीदुल्ला खान की तीन बेटियां थीं। उनकी सबसे बड़ी बेटी आबिदा सुल्तान 1950 में पाकिस्तान चली गईं थीं। दूसरी बेटी साजिदा सुल्तान भारत में ही रहीं और उन्होंने नवाब इफ्तिखार अली खान पटौदी से शादी की। इस प्रकार वे संपत्ति की असली वारिस बनीं।



### सैफ अली खान का उत्तराधिकार और कानूनी पेंच

साजिदा सुल्तान के पोते सैफ अली खान को इस संपत्ति का एक हिस्सा विरासत में मिला। सरकार ने आबिदा सुल्तान के पाकिस्तान जाने के आधार पर इस संपत्ति पर 'शत्रु संपत्ति' के रूप में दावा किया। 2019 में अदालत ने साजिदा सुल्तान को असली उत्तराधिकारी माना था, लेकिन अब इस नए फैसले ने पटौदी परिवार की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

### 1.5 लाख निवासियों पर भी असर

भोपाल कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने पिछले 72 सालों के संपत्ति के स्वामित्व रिकॉर्ड की समीक्षा करने की घोषणा की है। उनका कहना है कि इन जमीनों पर रहने वाले लोगों को राज्य के लीजिंग कानूनों के तहत किरायेदार माना जा सकता है। इस संभावित सरकारी अधिग्रहण से 1.5 लाख निवासियों में बेचैनी है, जिनमें से कई को बेदखली का डर सता रहा है क्योंकि अधिकारी स्वामित्व स्पष्ट करने के लिए सर्वे कर रहे हैं। रिपोर्ट में सुमेर खान के हवाले से बताया गया है कि स्थगन हटा लिया गया है, लेकिन शत्रु संपत्ति अधिनियम के तहत इन संपत्तियों को शामिल करना जटिल है। पटौदी परिवार के पास अभी भी अपील करने का विकल्प है।



# शिक्षित महिलाएं पूरे समाज को गौरवान्वित करती हैं: हरिभाऊ बागड़े राज्यपाल

## मोदी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में प्रतिभावान छात्राओं को किया सम्मानित

चमकता राजस्थान

**जयपुर!(खलील कुरैशी) 23 जनवरी।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे गुरूवार को मोदी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, लक्ष्मणगढ़ के 17वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि रहे। यहां पर उन्होंने विश्वविद्यालय के पासआउट टॉपर विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल एवं मानद डिग्री प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान राज्यपाल बागडे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि दीक्षांत समारोह सपनों के पूरे होने का उत्सव है तथा यह भविष्य की नई राहों की ओर अग्रसर होने का भाव है। यहां से विद्यार्थी नए जीवन में प्रवेश करता है, जहां हमें राष्ट्र हित के लिए सदैव समर्पित होकर कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि यहां से प्राप्त शिक्षा का उपयोग आप विकसित भारत के स्वप्न को साकार करने में करेंगे, ऐसा मुझे विश्वास हैं।राज्यपाल बागडे ने मोदी विश्वविद्यालय द्वारा पृथक से दी जा रही बालिका शिक्षा की सराहना करते हुए कहा कि जिस समाज में नारी को जितना सम्मान मिलता है, वह समाज उतनी ही उन्नति करता है। उन्होंने कहा कि शिक्षित महिलाएं पूरे समाज को गौरवान्वित करती हैं। उन्होंने कहा कि जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं। शिक्षित महिला एक परिवार को ही नहीं बल्कि पूरी पीढ़ी को शिक्षित करती है। उन्होंने कहा कि हमारे ग्रंथ एवं वेद गणित, विज्ञान और आयुर्वेद की उपलब्धियां से भरे हुए हैं। इस दौरान उन्होंने नालंदा एवं तक्षशिला विश्वविद्यालय द्वारा प्राप्त भारत की प्राचीन शोध संबंधी उपलब्धियों की बात कही। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अपनी बौद्धिक क्षमता से आगे बढ़ता है, न की बहुत सारी डिग्रियां और सर्टिफिकेट प्राप्त कर बढ़ता है।कार्यक्रम में राज्यपाल बागडे ने मोदी विश्वविद्यालय की प्रतिभावान छात्राओं मुस्कान तानिया, भूमिका महेन्द्र शर्मा,स्नेहा रामपुरिया, कुमकुम गुप्ता को गोल्ड मेडल व उपाधी देकर सम्मानित किया। इससे पूर्व उन्होंने विश्वविद्यालय में ब्रह्मा गुप्ता,नागार्जुन,अग्नी का ध्यान, यज्ञपरिचय, यज्ञ का उद्देश्य, स्मार्तयज्ञ,प्रमुख यज्ञयी पात्र की शिलालेख का अवलोकन कर विश्वविद्यालय द्वारा किये गये इस कार्य की भरपूर सराहना की।






## संक्षिप्त खबरें

### वृद्धा से दुष्कर्म का आरोपी मुठभेड़ में घायल

**फिरोजाबाद।** थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम ने बुधवार की देर रात झोपड़ी में रहने वाली वृद्धा से दुष्कर्म के आरोपी को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। पैर में गोली लगने से घायल अभियुक्त को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया है।अपर पुलिस अधीक्षक देहात अखिलेश भदौरिया ने बताया कि 21 जनवरी की रात्रि में थाना शिकोहाबाद क्षेत्र अन्तर्गत झुग्गी झोपड़ी में रहकर भीख मांगने वाली एक वृद्धा के साथ झोंपड़ी में घुसकर एक युवक ने दुष्कर्म किया था। इस मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस की 5 टीमें गठित की गई थी।

### सरकारी हैंडपंप में हाथ धोने से नाराज दबंग ने महिला से की मारपीट, केस दर्ज

**महोबा।** सरकारी हैंड पंप पर हाथ धोने से नाराज दबंग ने महिला के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की है। महिला के विरोध करने पर जान माल की धमकी दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपित के खिलाफ केस दर्ज करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जनपद के महोबकंठ थाना क्षेत्र के गांव सतौरा निवासी मीरा पत्नी धर्मजीत ने थाना पुलिस को तहरीर दे बताया कि जानवरों का गोबर डालने के बाद वह सरकारी हैंडपंप में हाथ धोने लगी तो दबंग संजय यादव ने उसके साथ अभद्रता करते हुए गाली गलौज कर मारपीट की।

### पिस्तौल लेकर नेपाल में घुसे चार युवक गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल पुलिस ने उत्तराखंड के चार युवकों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पिस्तौल बरामद हुई है। इनके वाहन को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है। यह जानकारी कंचनपुर जिला पुलिस प्रवक्ता उमेशराज जोशी ने दी। स्थानीय पुलिस ने बुधवार रात लगभग 10 बजे भीमदत्त के पास उत्तराखंड नंबर की कार को रोककर जांच की। इस दौरान ड्राइविंग सीट के पिछले पॉकेट में विदेशी लोडेड पिस्तौल रखा मिला। कार सवार उत्तराखंड के उधमसिंह नगर के खटीमा निवासी 34 वर्षीय जीवन सिंह जिमवाल, 31 वर्षीय कमल विष्ट, 34 वर्षीय उमेद सिंह अधिकारी और 28 वर्षीय संजय जेठी को गिरफ्तार कर लिया गया।

### लॉस एंजिल्स के उत्तर में आग लगने से दहशत

**लॉस एंजिल्स।** संयुक्त राज्य अमेरिका के कैलिफोर्निया प्रांत का प्रमुख शहर लॉस एंजिल्स आग की विभीषिका से उबर नहीं पा रहा। लॉस एंजिल्स में कैस्टेइक के उत्तर में बुधवार को आग लगने से दहशत फैल गई। यह 10,000 एकड़ से अधिक में फैल गई। इस वजह से दक्षिणी कैलिफोर्निया में पिछले एक माह में हजारों लोगों को अपने घरों को छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा है। लॉस एंजिल्स टाइम्स के अनुसार, सांता क्लैरिटा के उत्तर में कैस्टेइक झील के पास रह रहे लोगों को तत्काल घर छोड़ने को कहा गया है। इस बीच दक्षिणी कैलिफोर्निया में शनिवार से सोमवार तक लगभग आधा इंच तक बारिश होने की उम्मीद जताई गई है।

### आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बाराबंकी।** रवि राइस मिल में लूट करने वाले आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। एएसपी डॉ अवधेश कुमार सिंह ने बताया 16 जनवरी की रात में राइस मिल में लूट की घटना को अंजाम देने वाले एक आरोपी को मोहम्मद पुर खाला पुलिस टीम ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। मंगलवार की देर रात जब थाना प्रभारी मोहम्मदपुर खाला पुलिस टीम के साथ गस्त कर रहे थे। तभी कैथापुर मोड़ के पास एक संदिग्ध व्यक्ति खड़ा दिखाई दिया,पुलिस जब उसकी ओर बढ़ी तो वह जंगल की ओर भागने लगा पीछा करने पर वह पुलिस के ऊपर फायर करने लगा।

### अज्ञात व्यक्ति का शव मिला, जांच में जुटी पुलिस

**कोरबा।** जिले के उरगा थाना क्षेत्र स्थित ग्राम भैंसमा के साप्ताहिक बाजार के पास गुरुवार सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। हादसे की सूचना के बाद मौके पर पहुंची उरगा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच में जुटी है। उरगा पुलिस थाना के प्रभारी युवराज तिवारी ने बताया कि ग्राम भैंसमा के साप्ताहिक बाजार के पास आज सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। घटना के संबंध में जांच की जा रही है और मृतक व्यक्ति की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

### 300 मीटर गहरी खाई में गिरी स्कॉर्पियो

**देहरादून/रुद्रप्रयाग।** जनपद रुद्रप्रयाग के भटवाड़ीसैंण-तिलवाड़ा मार्ग पर बीती रात एक वाहन दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गई। रुद्रप्रयाग के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि वाहन रुद्रप्रयाग से अगस्त्यमुनि की ओर जा रहा था। इसी दरम्यान भटवाड़ीसैंण-तिलवाड़ा के पास वाहन अनियंत्रित होकर रोड से करीब 300 मीटर गहरी खाई में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा में बुधवार देर शाम एक व्यक्ति की रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। ट्रेन से कटने से उसके शरीर के अंग काफी दूर तक ट्रेन के साथ घिसटते गए। मृतक व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है, कोतवाली थाने के एएसआई केएल मीणा ने बताया कि बुधवार रात चंद्रशेखर आजाद नगर चौराहे के सामने सगसजी की पुलिया से थोड़ा आगे एक व्यक्ति के ट्रेन की चपेट में आने की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे थे।

सीएम ने गायत्री मंदिर से गणेश मंदिर तक नव निर्मित फ्लाई-ओवर ब्रिज एवं एलिवेटेड कॉरीडोर का किया लोकार्पण

# डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम से जाना जायेगा नव निर्मित फ्लाईओवर: डॉ. मोहन

**भोपाल। एजेंसी**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आज भोपाल को मिली 154 करोड़ रुपये की लागत के फ्लाई-ओवर की सौगात नगर के विकास को गति देगी। यह नव निर्मित फ्लाई-ओवर हमारे महान देशभक्त और संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम से जाना जायेगा। उन्होंने कहा कि भोपाल, देश का दिल है। यह देश की सुंदरतम राजधानी है। वर्ष 1956 में जब मध्य प्रदेश का गठन हुआ था, उस समय भोपाल एक छोटा सा गांव था। लंबे समय तक इसका विकास रुका रहा। हमारी सरकारों ने इसका विकास किया। अब भोपाल का तेज गति से



विकास किया जाएगा। तीन किलोमीटर लंबा नव निर्मित फ्लाई-ओवर गायत्री मंदिर से गणेश मंदिर तक बनाया गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को भोपाल में 3 किलोमीटर लंबे नव निर्मित फ्लाई-ओवर ब्रिज का लोकार्पण कर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह सुयोग है कि आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर इसका लोकार्पण हो रहा है। यह पुल एक और नेताजी सुभाष चंद्र सेतु और दूसरी ओर वीर सावरकर सेतु को मिलाएगा। बड़ी चुनौतियों के बीच इस ब्रिज का निर्माण हुआ है, इसके लिए लोक निर्माण मंत्री और उनका विभाग बधाई के पात्र है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बावड़िया-कलां क्षेत्र में आवागमन की सुविधा की दृष्टि से 180 करोड रुपए की लागत से फ्लाई-ओवर बनाए जाने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द बैरागढ़ ब्रिज का भी लोकार्पण किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि इस पुल के बन जाने से ओबेदुल्लागंज, नर्मदापुरम, बैतूल, खंडवा और जबलपुर मार्ग पर यातायात सुगम होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज हमारे महान देशभक्त नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती है, उन्हें हम हृदय से नमन करते हैं। उनका जीवन हम सबके लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने अंग्रेजों को चुनौती दी और स्वतंत्रता संग्राम को नई राह दिखाई। वर्ष 1923 में उन्होंने अंग्रेजों की आईसीएस परीक्षा प्रवीण्य सूची में उत्तीर्ण की, परंतु उन्होंने अंग्रेजों की गुलामी करने के स्थान पर देशभक्ति का मार्ग चुना। उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष पद का चुनाव सर्वाधिक मतों से जीता।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर ने समानता की लड़ाई लड़ी। संविधान निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने धारा 370 का विरोध किया था। हम उनकी स्मृति में पंच तीर्थ उनके जन्म स्थान, दीक्षा स्थल, कर्मभूमि, शिक्षा स्थल और जहां उन्होंने शरीर त्याग किया।

### विपक्ष बिना मुद्दों के मुद्दें तलाश रहा : राठौड़

जोधपुर। पूर्व प्रतिपक्ष नेता राजेंद्र सिंह राठौड़ का कहना है कि विपक्ष बिना मुद्दों के मुद्दे तलाश रहा है। उनके पास में मुद्दे नहीं है। प्रदेश की सरकार एक साल से अच्छा कार्य कर रही है। वे आज जोधपुर में शेरगढ़ विधायक बाबू सिंह राठौड़ के पुत्र की शादी में शरीक होने आए और यहां मीडिया से बातचीत कर रहे थे। पूर्व प्रतिपक्ष नेता राठौड़ ने यह भी कहा कि स्कूलों को मर्ज नहीं किया गया है। जिन स्कूलों में शून्यता है उन्हें नजदीक की अन्य स्कूल में अनुपातिक रूप से ठीक किया गया है। स्कूलों को समाप्त नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल विस्तार का कार्य मुख्यमंत्री स्वविवेक आधारित है। मीडिया से बातचीत के बाद पूर्व प्रतिपक्ष नेता राजेंद्र सिंह राठौड़ सीधे शेगरढ़ विधायक बाबूसिंह राठौड़ के पुत्र की शादी में शरीक होने के लिए रवाना हो गए।

### रिश्वत केस में हेड कांस्टेबल निलंबित

फरीदाबाद। लड़ाई-झगड़े के मामले में कच्ची जमानत दिलाने के लिए रिश्वत मांगने वाले आरोपी हेड कांस्टेबल को निलंबित कर दिया गया है। फरीदाबाद के डबुआ थाने में तैनात हेड कांस्टेबल अनिल कुमार को एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) टीम ने सोमवार को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ लिया था। पुलिस कमिश्नर सत्येंद्र कुमार गुप्ता ने आरोपी हेड कॉन्स्टेबल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार कैथल के रहने वाले हेड कांस्टेबल अनिल कुमार पिछले साल नवंबर से डबुआ थाने में कार्यरत थे। नेहरू कॉलोनी निवासी धर्मेंद्र ने एंटी करप्शन ब्यूरो को शिकायत दी कि अनिल कुमार ने उसके भतीजे के खिलाफ दर्ज एक लड़ाई-झगड़े के मामले में कच्ची जमानत दिलाने के लिए बीस हजार रुपये की मांग की थी। बातचीत के बाद यह राशि सात हजार रुपये तय हुई, जिसमें से दो हजार रुपये पहले ही दे दिए गए थे। शिकायत के बाद एसीबी टीम ने जाल बिछाया और सोमवार शाम को बाकी पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते समय हेड कॉन्स्टेबल को थाने के बाहर से एंटी करप्शन ने गिरफ्तार कर लिया।

## जापान के साथ नेताजी सुभाष चंद्र बोस का विशेष संबंध था : डॉ. हिमंत

**टोक्यो। एजेंसी**

असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने टोक्यो स्थित भारतीय दूतावास में नेताजी सुभाष चंद्र बोस को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा नेताजी की जापान यात्रा और उपनिवेशी शासन के खिलाफ जापान का समर्थन पाने के उनके कठिन प्रयासों उन्होंने को याद किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नेताजी के विचार और भारत के इतिहास में उनके अतुलनीय योगदान से हम गहराई से प्रेरित हैं। डॉ. सरमा ने कहा आज मैंने टोक्यो में भारतीय दूतावास में नेताजी को पुष्पांजलि अर्पित करके अपने दिन की शुरूआत की। मैंने उनकी जापान यात्राओं और औपनिवेशिक शासन के खिलाफ लड़ाई में जापान का समर्थन हासिल करने के लिए उनके अथक प्रयासों को याद किया। उन्होंने कहा हम नेताजी के विचारों और भारत के



इतिहास में उनके अद्वितीय योगदान से गहराई से प्रभावित हैं। नेताजी सुभाष चंद्र बोस, जो भारत के स्वतंत्रता संग्राम के एक प्रमुख नेता थे, ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जापान की मदद से भारतीय राष्ट्रीय सेना (आईएनए) का गठन किया और ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन को चुनौती दी। जापान के साथ उनका सहयोग दोनों देशों के साझा इतिहास का एक महत्वपूर्ण अध्याय है।

डॉ. सरमा की यह यात्रा नेताजी के विजन और भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका के प्रति सम्मान को दशार्ती है।

### पुलिस की घर में दबिश, चिट्टे के खेप के साथ धरा तस्कर

शिमला। शिमला पुलिस की स्पेशल सैल ने नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई को और तेज करते हुए बीते दो दिनों में तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। ताजा मामले में स्पेशल सैल जिला शिमला की टीम ने बुधवार देर शाम उपनगर संजौली में बड़ी कार्रवाई करते हुए कर्ण शर्मा नामक शख्स को चिट्टा (हेरोइन) के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने कर्ण शर्मा के कब्जे से उसके घर गुड्डू मल बिल्डिंग संजौली से 100.590 ग्राम चिट्टा बरामद किया। इस बरामद चिट्टे की बाजार में कीमत लाखों रुपये आंकी गई है। आरोपी के खिलाफ थाना ढली में धारा 21 मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। शिमला शहर और इसके आसपास के क्षेत्रों में नशे का कारोबार लगातार बढ़ता जा रहा है। पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाइयों के बावजूद नशा तस्कर लगातार अपने नेटवर्क का विस्तार कर रहे हैं। बीते दो दिनों में पुलिस ने नशा तस्करी के तीन मामलों का पदार्फाश किया है, जिससे शहर में मादक पदार्थों की तस्करी को लेकर चिंता बढ़ गई है।

## हमास सप्ताहांत तक अर्बेल येहुद को भी छोड़ देगा, इजराइल को उम्मीद

**तेल अवीव। एजेंसी**

इजराइल को हमास से उम्मीद है कि वह गाजा में संघर्ष विराम और बंधक रिहाई समझाते के अंतर्गत सप्ताहांत तक अर्बेल येहुद को भी रिहा कर देगा। हमास ने शनिवार तक गाजा पट्टी से चार बंधकों की रिहाई की घोषणा की है। इजराइल ने कहा है कि 29 वर्षीय अर्बेल येहुद सात अक्टूबर, 2023 से हमास के आतंकवादियों के चंगुल में है। द टाइम्स ऑफ इजराइल की खबर के अनुसार, अर्बेल येहुद इजराइल की महिला नागरिक हैं। ऐसा माना जाता है कि उसे फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद आतंकवादी समूह ने पकड़ रखा है। इजराइल ने हमास से अपेक्षा की है कि वह मुक्त होने वाली चार महिला बंधकों के नाम उनकी निर्धारित रिहाई से एक दिन पहले शुक्रवार तक प्रदान करेगा। येहुद को उसके प्रेमी एरियल कुनियो के साथ सात अक्टूबर को उनके किबुत्ज निर ओज स्थित घर से



बंधक बनाया गया था। इन दोनों को बचाने के प्रयासों के दौरान येहुद के भाई डोलेव येहुद की जान चली गई थी।

अर्बेल येहुद बंधक रिहाई समझौते के तहत रिहा होने वाली 33 लोगों की सूची में से शेष सात महिला बंधकों में से एक है। अन्य हैं 33 वर्षीय शिरी सिल्बरमैन बिबास, 19 वर्षीय लिरी अल्बाग, 20 वर्षीय करीना एरिएव, 21 वर्षीय अगम बर्जर, 20 वर्षीय डेनिएल गिल्बोआ और 20 वर्षीय नामा लेवी। इनमें येहुद और सिल्बरमैन बिबास दोनों नागरिक हैं। अल्बाग, एरिएव, बर्जर, गिल्बोआ और लेवी सैनिक हैं।

## विद्युत करंट झटके के मामले में हाइकोर्ट में हुई सुनवाई

**बिलासपुर। एजेंसी**

बिलासपुर जिले के कई गांवों से गुजरने वाली ट्रांसमिशन लाइन के नीचे और आसपास करंट से लोगों के प्रभावित होने की खबर को संज्ञान लेकर चल रही जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। हाइकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रमेश कुमार सिन्हा और न्यायाधीश रविन्द्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच में गुरुवार को हुई सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की तरफ से अतिरिक्त अटॉर्नी जनरल रमाकांत मिश्रा ने केंद्र सरकार का पक्ष रखा। वहीं इस पूरे मामले में सीईए (सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी अथॉरिटी) की विस्तृत रिपोर्ट पेश नहीं हो पाई है। जिसके लिए बेंच ने अगली सुनवाई का समय निर्धारित किया है।

दरअसल हाइकोर्ट की पूर्व सुनवाई में अधिवक्ता अतनु घोष ने जानकारी दी थी कि विद्युत प्राधिकरण, विद्युत मंत्रालय की एक समिति गठित की गई है, जिसमें कृषि क्षेत्र में अपनी



ट्रांसमिशन लाइन स्थापित करने वाली कंपनियों को ट्रांसमिशन लीकेज का समाधान निकालने के लिए बुलाया गया है। वहीं सुनवाई के दौरान अधिवक्ता रमाकांत मिश्रा ने इस मामले में विस्तृत रिपोर्ट पूर्ण होने पर अगली सुनवाई तक पेश करने की जानकारी दी थी। वहीं गुरुवार को सुनवाई के दौरान अधिवक्ता अतनु घोष ने केंद्र सरकार के पूर्व के हलफनामे में जबलपुर ट्रांसमिशन कंपनी को लेकर पेश किए तथ्य को कोर्ट के सामने रखा और समय की मांग की। वहीं अधिवक्ता रमाकांत मिश्रा ने सीईए की विस्तृत रिपोर्ट को अगली सुनवाई में पेश करने की जानकारी दी।

### एडीजीपी जम्मू के नाम से एक फर्जी फेसबुक अकाउंट बना, कानूनी कार्रवाई शुरू

जम्मू। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) जम्मू के नाम से एक फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाया गया है। पुलिस ने इस संबंध में कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। एक पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि यह हमारे ध्यान में आया है कि आनंद जैन आईपीएस के नाम का उपयोग करके एक फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाया गया है जिसमें एडीजीपी की प्रोफाइल तस्वीर और एक भ्रामक परिचय है जो विभाग जम्मू और कश्मीर एडीजीपी, निदेशक, अग्निशमन और आपातकालीन सेवाएं, जेएंडके से जुड़ा होने का दावा करता है। इस धोखाधड़ी वाले खाते का इस्तेमाल जनता को गुमराह करने और उनके भरोसे का फायदा उठाने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम इस तरह की अनैतिक और धोखाधड़ी गतिविधियों की कड़ी निंदा करते हैं। जनता से सतर्क रहने और ऐसे फर्जी प्रोफाइल से संदेशों, मित्र अनुरोधों या किसी भी आग्रह का जवाब देने से बचने की अपील की जाती है। अतीत में इसी तरह के घोटाले के उदाहरणों से पीड़ितों को वित्तीय नुकसान और भावनात्मक संकट हुआ है।

## शराब,गुटका को तो पैसे हैं,परंतु बेटियों के वैक्सीनेशन पर धन नहीं खर्च करते : पटेल

**महाकुम्भनगर। एजेंसी**

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि सभी लोग नौ से 14 वर्ष की बेटियों को वैक्सीनेशन कराएं। दो वैक्सीनेशन कराकर हम अपनी बेटियों को सर्वाइकल कैंसर से बचा सकते हैं। वर्तमान समय में सर्वाइकल कैंसर बढ़ते जा रहे हैं। हम शराब, गुटका, मसाला खाने में तो पैसे खर्च करते हैं, परंतु बेटियों को वैक्सीनेशन लगाने की बात आती है तो उनके लिए पैसे खर्च नहीं करना चाहते। हमारे अंदर सेवा का भाव होना चाहिए। हमारे आसपास जो बच्चे हैं, वे टीबी या अन्य बीमारियों से ग्रस्त न हों। इस मुहिम में हम सभी को लगना होगा। उन्होंने यह बात गुरूवार को महाकुंभ में मोरारी बापू के द्वारा कही जा रही मानस कथा में मौजूद श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कही।



राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि कथा में प्रभु श्रीराम और उनके भाईयों के नामकरण की सुंदर व्याख्या की गई है। जब भी मैं जेल का भ्रमण करती हूं तो देखती हूं कि जितने भी कैदी आज जेल में हैं, उनमें 80 प्रतिशत दहेज के कारण हैं। अगर हम दहेज प्रथा छोड़ दें, तो हमारी बेटियों को बचाया जा सकता है।

जमीन के लिए पिता-पुत्र के बीच विवाद होते हैं, जिससे लोग जेल में जा रहे हैं। इसलिये हमें उदारता से माता-पिता के साथ समझौता करना चाहिए। थर्ड जेंडर के लिए न तो स्कूल हैं, न पढ़ाई है। हम सब को मिलकर थर्ड जेंडर की शिक्षा और स्वास्थ्य के विषय में कार्य करना होगा। उन्होंने स्वच्छता कर्मियों की सेवा की भी सराहना की। मोरारी बापू ने कहा कि महाकुंभ के दिव्य अवसर पर प्रयाग में प्रयोग किया जा रहा है। वर्तमान समय में क्लबवासी, कल्पवासी बन रहे हैं। मलूकपीठाधीश्वर राजेन्द्र दास ने कहा कि श्रीरामचरित्र मानस साक्षात प्रभु श्रीराम का चरित्र है। स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने कहा कि आज का दिन अत्यंत महत्वपूर्ण है , क्योंकि आज आजादी की बिगुल बजाने वाले नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती है। इस दौरान संतोषदास, साध्वी, आचार्य लोकेश मुनि, योगी स्वामी वचनानन्द के साथ ही मंत्री नंदगोपाल नंदी भी मौजूद रहे।

**लोकआस्था** महाकुम्भ न पलक झुकेगी, न मन भरेगा, खुद में अद्भुत, अविस्मरणीय और अकल्पनीय है

# देश की विविधता को एकता में बांधने का सबसे बड़ा आयोजन है महाकुम्भ

- वैश्विक है मानवता के सबसे बड़े संगम महाकुम्भ का स्वरूप
- उत्तर से दक्षिण और पूरब से पश्चिम तक महाकुम्भ में पूरा भारत मौजूद है

**महाकुम्भ नगर। एजेंसी**

तीरथ राज प्रयाग में गंगा, यमुना और अदृश्य त्रिवेणी के महाकुम्भ के बारे में सिर्फ इतना ही कहा जा सकता। खुद में यह अद्भुत, अविस्मरणीय और अकल्पनीय है। यहां सिर्फ दो नदियों का पवित्र संगम ही नहीं, अध्यात्म और विज्ञान का भी संगम है। भारत की



विराट संस्कृति और बेहद संपन्न धर्म एवं अध्यात्म का जीवंत स्वरूप है वैश्विक समागम के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन प्रयागराज के महाकुम्भ का। महाकुम्भ देश की विविधता को एकता में बांधने का सबसे बड़ा आयोजन है। यहां धर्म,कर्म अध्यात्म,भक्ति, उपासना, दर्शन सब कुछ है। साथ ही इस सबका अद्भुत समावेश भी। महाकुम्भ अपनी सनातन परंपरा वसुधैव कुटुम्बक का उदघोष है।

गंगा की रेती पर बसा है एक संसार

गंगा की रेती पर कुछ दिन के लिए ही सही पूरा संसार बसा है। ऐसा संसार जिसमें सबके रहने और खाने का इंतजाम है। रात होते ही रेती पर जगमग तंबुओं के यह संसार झक रोशनी से और निखर जाता है। जगह धर्म, अध्यात्म और भक्ति की गंगा प्रवाहित होने लगती है। तड़के पवित्र संगम या मोक्षदायिनी, पापनाशिनी गंगा में डुबकी लगाने वाले हाथ जोड़े, श्रद्धा से सिर झुकाए धर्म और अध्यात्म के इस संगम में गोता लगाते हैं। अपलक आंखों से उनको देख किसी फिल्म का यह गीत बरबस याद जाता है, अभी न जाओ छोड़ के कि दिल अभी भरा नहीं। महाकुम्भ आपको बुला रहा है, सरकार दिल खोलकर स्वागत कर रही है, जन मन का यह आयोजन आपको भी बुला रहा है। जरूर जाइए। आप देखेंगे कि यहां किसी से भेद नहीं होता।

### मानवता के सबसे बड़े संगम महाकुम्भ का स्वरूप

यहां उत्तर से दक्षिण और पूरब से पश्चिम तक पूरा भारत मौजूद है। सिर्फ भारत ही क्या संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा, जर्मनी, रूस, फिजी, मॉरीशस, ट्रिनिडाड, टोबेको, फिजी, फिनलैंड, गुयाना, मलेशिया सिंगापुर, आइसलैंड, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, ग्रीस दुबई सब कुछ है। इसके इसी विशालता के कारण 2017 यूनेस्को ने कुंभ मानवता के अमूर्त सांस्कृतिक विरासत का दर्जा दिया। यूनेस्को की मान्यता योगी की ब्रांडिंग और कुंभ 2019 के सफल आयोजन से वैश्विक आकर्षण का और बड़ा केंद्र हो गया।

### महाकुम्भ की सफलता एक सन्यासी का संकल्प

उल्लेखनीय है कि 2017 में ही प्रदेश को योगी आदित्यनाथ के रूप में एक ऐसा मुख्यमंत्री मिला जो मूलतः सन्यासी हैं। वह गोरखपुर स्थित उत्तर भारत की प्रमुख पीठ गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर हैं। स्वाभाविक है धर्म, आध्यात्म और योग उनके रुचि के विषय हैं। इसकी वजह से उन्होंने 2019 के कुंभ के सफल आयोजन को मिशन बना लिया। आयोजन सफल भी रहा। अब जब 2025 में महाकुम्भ का आयोजन चल रहा है तब योगी और भी शिद्दत से इसके आयोजन में लगे हैं। उन्होंने कुंभ को तकनीक के इस युग में डिजिटल बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। सुरक्षा और सफाई शुरू से उनकी प्रतिबद्धता रही है। वह इस आयोजन में भी दिख रही है।

## दिल्ली व व मेरठ से चोरी किए गए सामान के साथ दो अंतरराज्यीय चोर गिरफ्तार

**हरिद्वार। एजेंसी**

स्थानीय निकाय चुनाव के मद्देनजर चल रही चेकिंग के दौरान तीन शातिर चोर पुलिस के हत्थे चढ़ गए। इनमें से दिल्ली के निवासी दो चोर अंतरराज्यीय गिरोह के हैं, जो दिल्ली व मेरठ से चोरी का माल लेकर हरिद्वार पहुंचे थे। आरोपित चोरों के खिलाफ पहले से भी कई मुकदमे दर्ज हैं। नगर निकाय चुनाव के दृष्टिगत चलाये जा रहे चेकिंग अभियान में भीमगौडा बैरियर के पास एक बिना नंबर की शेवरले बीट कार को रोकने का इशारा किया तो चालक कार को तेजी से आगे ले गया। जिसे भीमगौडा रोड काली माता मन्दिर के पास क्यूआरटी पुलिस टीम द्वारा पकडा गया। कार सवार आरोपितों की पहचान मंझर पुत्र अव्वास निवासी गांव कोटला मयूर विहार फेस 01 थाना मयूर विहार नई दिल्ली व राहुल पुत्र हरिचंद निवासी गांव कोटला मयूर विहार फेस 01 थाना मयूर विहार नई दिल्ली के रूप में हुई। कार से 02 अवैध तमंचा .315 व 12 बोर, 02 जिन्दा कारतूस तथा बड़ी मात्रा में सोने चांदी के जेवरात, चांदी के सिक्के अन्य सामान बरामद हुए हैं।

वरिष्ठ उपनिरीक्षक वीरेंद्र चंद्र रमोला के अनुसार पूछ्ताछ के दौरान आरोपितों ने बताया कि उन्होंने कार दिल्ली से चोरी की थी व अन्य सोने व चॉदी आदि सामान मेरठ से चोरी किया था। दोनों के खिलाफ अवैध शस्त्र अधिनियम सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## ऑलराउंडर बनने के लिए जीवन के शुरुआती चरण में विकास होना जरूरी : कपिल

**गुरुग्राम। एजेंसी**



क्रिकेट के महानायक कपिल देव ने गुरुवार को कहा कि ऑलराउंडर बनने के लिए व्यक्ति को जीवन के शुरुआती सीखने के चरण में सर्वांगीण रूप से विकसित होने की आवश्यकता होती है। यहां सत्य स्कूल गुरुग्राम के वार्षिक खेल दिवस 'सत्यन स्पर्धा' के अवसर पर कपिल देव ने स्कूल के नवनिर्मित क्रिकेट पिच का उद्घाटन किया और सत्यनों के साथ एक मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच खेला। इस कार्यक्रम के दौरान खेल क्षेत्र में करियर के अवसरों पर सत्र भी आयोजित किया गया, जिनमें पेशेवर एथलेटिक्स, कोचिंग, खेल प्रबंधन और खेल चिकित्सा में उपलब्ध अवसरों के बारे में विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।
कपिल देव ने कहा मुझे खुशी है कि सत्य स्कूल में खेल और आउटडोर गतिविधियों पर इतना ध्यान दिया जा रहा है। ऑलराउंडर बनने के लिए व्यक्ति को जीवन के शुरूआती सीखने के चरण में सर्वांगीण रूप से विकसित होने की आवश्यकता होती है, इसलिए पढ़ाई के साथ-साथ खेल खेलना भी बहुत ही जरूरी है। आपके पास खेल के क्षेत्र में सफल होने के लिए क्रिकेट पिच से लेकर स्क्वैश, बास्केटबॉल, फुटबॉल के कोर्ट, जिमनास्टिक्स, ताइक्वांडो और बैडमिंटन जैसे इनडोर खेलों के लिए पूरी तरह सुसज्जित स्थान जैसी सभी विश्व स्तरीय सुविधाएं हैं। अब आपको बस चाहिए आपका दृढ़ संकल्प, कड़ी मेहनत और अपनी सामान्य क्षमताओं से आगे बढ़कर कुछ कर गुजरने की इच्छा शक्ति। आपको जो ये अवसर मिले हैं उनका लाभ उठाइए, तो सफलता निश्चित ही आपके कदम चूमेगी।

# टी20 विश्व कप : भारतीय टीम ने श्रीलंका को 60 रन से हराया

- भारतीय टीम के लिए सबसे ज्यादा रन गोंगाडी त्रिशा ने बनाए
- भारतीय टीम ने बल्लेबाजी कर 20 ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर 118 रन बनाए

**कुआलालंपुर। एजेंसी**



भारतीय महिला अंडर 19 टीम ने गुरुवार को आईसीसी अंडर 19 महिला टी20 क्रिकेट विश्व कप 2025 के ग्रुप ए अपने आखिरी मैच में गुरुवार को श्रीलंका महिला अंडर 19 टीम को 60 रनों के बड़े अंतर से हरा दिया। इस जीत के बाद भारत और श्रीलंका टीमों ने सुपर 6 चरण में अपना स्थान पक्का कर लिया।
कुआलालंपुर में खेले गए मैच में श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया था। भारतीय टीम ने बल्लेबाजी कर 20 ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर 118 रन बनाए। भारतीय टीम के लिए सबसे ज्यादा रन गोंगाडी त्रिशा ने बनाए। उन्होंने 5 चौकों और 1 छक्के की मदद से 49 रन बनाए। उनके अलावा जी कमलिनी 5 रन, कप्तान निकी प्रसाद 11 रन, भाविका अहिरे 7 रन, मिथिला विनोद 16 रन, आयुषी शुक्ला 5 रन, जोशीथा 14 रन, शबनम शकील 2 रन, परूनिका एक रन का योगदान दिया। श्रीलंका की ओर से प्रमुदी मेथसरा, लिमंसा थिलाकरथना, असेनी ने क्रमशः 2-2 विकेट और रश्मिका, चमोडी प्रबोदा, मनुडी ने क्रमशः एक-एक विकेट लिया। भारतीय टीम के दिए 119 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका महिला अंडर 19 टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही। टीम ने 12 रन के स्कोर तक ही पांच विकेट खो दिए।
सलामी बल्लेबाज संजना काविंदी 5 रन, दहामी सनेथमा 2 रन, हिरुनी हंसिका 2 रन, कप्तान मनुडी नानायक्करा 2 रन और सुमुदु निसानसाला खाता भी नहीं खोल सकीं। एक के बाद एक विकेट गिरने से श्रीलंका टीम की पारी लड़खड़ा गई और टीम 20 ओवर में नौ विकेट खोकर केवल 58 रन ही बना सकी। रश्मिका सेववंडी 15 रन, लिमंसा थिलाकरथना 6 रन, शशिनी गिम्हानी 3 रन, असेनी थलागुने ने 9 रन बनाए। इस तरह श्रीलंका की टीम 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 58 रन ही बना कर आउट हो गई। भारतीय टीम की ओर से शबनम शकिल 2 विकेट, जोशीथा वीजे 2 विकेट, परूनिका सिसोदिया 2 विकेट, आयुषी शुक्ला और वैष्णवी शर्मा ने एक-एक विकेट लिया।
भारत ने मैच 60 रन से जीत लिया।इस टूनार्मेंट के ग्रुप ए में भारतीय टीम लगातार तीन मैचों में जीत के साथ टॉप पर रही और सुपर 6 चरण में क्वालिफाई कर लिया। दूसरी ओर श्रीलंका ग्रुप का अपना पहला मैच हारने के बाद भी सुपर सिक्स में पहुंच गई है।

### एकदिवसीय के महान खिलाड़ी हैं विराट: गांगुली

**कोलकाता।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने खराब फार्म के गुजर रहे अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके जैसे खिलाड़ी जीवन में एक बार ही मिलता है। गांगुली ने विराट की तुलना दिग्गज महिला क्रिकेटरों मिताली राज और झूलन गोस्वामी से की है। गांगुली ने कहा कि विराट एकदिवसीय प्रारुप में अब तक के सबसे बेहतर क्रिकेटरों में से एक हैं। साथ ही कहा कि कोहली में अभी भी काफी क्रिकेट बाकी है लेकिन उन्होंने अगाह किया कि जून का इंग्लैंड दौरा उनके लिए एक बड़ी चुनौती होगी। गांगुली ने कहा कि मुझे अब भी विश्वास है कि विराट कोहली में बहुत क्रिकेट बाकी है। इंग्लैंड दौरा उनके लिए बड़ी चुनौती होगा। उन्होंने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि विराट जैसे खिलाड़ी जीवन में एक बार ही मिलता है। करियर में 80 अंतरराष्ट्रीय शतक लगाना अविश्वसनीय बात है। मेरे लिए, वह संभवतः दुनिया का सबसे महान सफेद गेंद वाला खिलाड़ी है। कोहली के नाम एकदिवसीय क्रिकेट इतिहास में सबसे अधिक 50 शतक हैं जबकि महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के नाम भी इतने शतक नहीं हैं। सचिन के नाम 49 शतक हैं। विराट एकदिवसीय और टी20ई क्रिकेट इतिहास में तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रमंडल खेलों में एक बार फिर कुश्ती को शामिल किया जाएगा : एरिका



**विजयनगर।** पूर्व ओलंपिक चैंपियन कनाडा की एरिका वीब ने 2026 राष्ट्रमंडल खेलों से कुश्ती को बाहर किये जाने को दुखद बताया है। ओलंपिक स्वर्ण विजेता पहलवान एरिका को उम्मीद है कि अगले सत्र में कुश्ती को बार फिर शामिल किया जाएगा।
एरिका ने 2016 रियो ओलंपिक की महिला 75 किग्रा फ्रीस्टाइल स्पर्धा के फाइनल में कजाखस्तान की गुजेल मेन्युरोवा को हराकर स्वर्ण पदक जीता था। एरिका ने इंटरव्यू में कहा ग्लासगो में 2026 राष्ट्रमंडल खेलों का फैसला बहुत निराशाजनक हैं। उन्होंने खेलों के लिए एक बहुत ही अलग मॉडल अपनाया। उनके पास केवल 10 खेल हैं। यह बेहद निराशाजनक बात है। मैं वास्तव में चाहती थी कि वे मुक्केबाजी की जगह कुश्ती को शामिल करते। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि कुश्ती तक लोगों की अधिक पहुंच है। मुझे लगता है कि महासंघ बेहतर स्थिति में है। मुझे लगता है कि यह राष्ट्रमंडल में भारत और नाइजीरिया की मौजूदगी में कुश्ती के खेल में शानदार खिलाड़ियों के रूप में अपनी विविधतापूर्ण ताकत दिखाने का एक अवसर है।

### शारजाह वॉरियर्स ने एडम जम्पा को आईएल टी20 सीजन 3 के लिए अपने साथ जोड़ा

**शारजाह।** इंटरनेशनल लीग टी20 (आईएल टी20) फ्रेंचाइजी शारजाह वॉरियर्स ने ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी एडम जम्पा को अपने साथ जोड़ा है। फ्रेंचाइजी ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। फ्रेंचाइजी ने बताया कि शारजाह वॉरियर्स को ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर एडम जम्पा के साथ अनुबंध की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है, जो डीपी वर्ल्ड आईएलटी20 के सीजन 3 के शेष भाग के लिए श्रीलंकाई विकेटकीपर बल्लेबाज कुसल मेंडिस की जगह लेंगे। स्पिनर जम्पा को टी20 क्रिकेट और फ्रेंचाइजी लीगों में खेलने का काफी अनुभव है।

## जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब महिला हॉकी इंडिया लीग फाइनल से एक कदम दूर

**संवाददाता**



**रांची।** जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब महिला हीरो हॉकी इंडिया लीग 2024-25 के फाइनल में पहुंचने से एक कदम दूर है। फाइनल में पहुंचने के लिए सूरमा हॉकी क्लब को शुक्रवार को रांची के मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में श्राची रारह बंगाल टाइगर्स के खिलाफ कम से कम एक अंक हासिल करना होगा।
मैच से पहले हेड कोच जूड मेनेजेस ने एक बयान में कहा कि इस पूरे अभियान में हमारा दृष्टिकोण यह रहा है कि हम हर मैच जीतना चाहते हैं। इसलिए, हम अभी सिर्फ श्राची रारह बंगाल टाइगर्स के खिलाफ होने वाले मैच पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। यह इस समय हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण मैच है, इसलिए हम एक-एक कदम आगे बढ़ रहे हैं और उस मैच के बाद हम आगे देखेंगे कि हमें क्या करना है।
हमें अभी भी अगले मैच में अच्छा करना है। सूरमा हॉकी क्लब लीग में शानदार प्रदर्शन कर रही है। पूल चरण के आखिरी मैच से पहले तीन जीत के साथ वे तालिका में शीर्ष पर हैं और 10 अंक जुटा चुके हैं।
पिछली बार जब सूरमा ने टाइगर्स का सामना किया था, तो उन्होंने एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए अपने अभियान के पहले मैच में 4-1 से शानदार जीत दर्ज की थी। हेड कोच ने कहा कि मुझे लगता है कि एक बार फिर हमारा प्रयास शूटिंग सर्कल में कुछ परिणाम प्राप्त करने का होगा। गोल करने का प्रयास करना होगा और यह सुनिश्चित करना होगा कि हम एक स्वतंत्र और आक्रामक शैली में खेल रहे हैं जो वास्तव में हमारे खेलने के तरीके के अनुकूल है।

## रणजी ट्रॉफी में भी नहीं चला रोहित का बल्ला, जायसवाल और रहाणे भी फ्लॉप

**मुंबई। एजेंसी**

भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा का बल्ले से संघर्ष जारी है। गुरुवार को जम्मू एंड कश्मीर के खिलाफ अपनी घरेलू टीम मुम्बई की तरफ से खेलते हुए रणजी ट्रॉफी मैच में वह सिर्फ 3 रन बनाकर आउट हो गए। मुम्बई के शरद पवार क्रिकेट एकेडमी बीकेसी में जम्मू एंड कश्मीर के खिलाफ खेले जा रहे रणजी ट्रॉफी मैच के पहले दिन रोहित ने 19 गेंदों का सामना किया और मात्र 3 रन ही बना सके। उन्हें तेज गेंदबाज उमर नजीर मीर ने आउट किया। इस तरह से उनके निराशाजनक प्रदर्शन का सिलसिला जारी है। रोहित ने मुंबई के लिए आखिरी बार रणजी ट्रॉफी मैच नवंबर 2015 में खेला था। तब उन्होंने उत्तर प्रदेश के खिलाफ 140 गेंदों पर 113 रनों की पारी खेली थी। यह मैच ड्रॉ रहा था। दरअसल, रोहित शर्मा टेस्ट क्रिकेट में खराब फॉर्म के बाद घरेलू क्रिकेट में रणजी ट्रॉफी मुकाबला खेलने उतरे थे। रोहित के अलावा कई स्टार खिलाड़ी रणजी ट्रॉफी के दूसरे चरण में अपनी-अपनी घरेलू टीम के लिए खेल रहे हैं। रोहित अपनी घरेलू टीम मुंबई का हिस्सा हैं और जम्मू एंड कश्मीर के खिलाफ मैच में खेल रहे हैं। हालांकि, रोहित पहली पारी में कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाए।


### असहमति जताने पर अंकित बावने एक रणजी मैच के लिए निलंबित

**नासिक।** महाराष्ट्र के बल्लेबाज अंकित बावने को रणजी ट्रॉफी मैच में अम्पायर के फैसले से असहमति पर एक मैच के लिए निलंबित कर दिया गया है। यहां बड़ौदा के खिलाफ रणजी ट्रॉफी के छठे दौर के ग्रुप ए मैच से पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने टीम को इस फैसले की जानकारी दी गई। पिछले वर्ष सर्विसेज के खिलाफ पांचवें दौर के मैच में अमित शुक्ला की गेंद पर शुभम रोहिल्ला द्वारा स्लिप में कैच लिए जाने के बाद बावने के मैदान छोड़ने से इनकार कर दिया था।

## मुंबई सिटी एफसी ने स्पेनिश फुटबॉलर जॉर्ज ऑर्टिज के साथ किया करार

- हम मुंबई सिटी एफसी में ऑर्टिज का स्वागत करते हुए रोमांचित हैं: पेट्र
- अपने अनुभव और गुणवत्ता को टीम में लाने की कोशिश करेंगे

**मुंबई। एजेंसी**




फुटबॉल क्लब मुंबई सिटी एफसी ने स्पेनिश फुटबॉलरजॉर्ज ऑर्टिज के साथ करार किया है। क्लब ने गुरुवार को इसकी घोषणा की। क्लब ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि मुंबई सिटी एफसी को स्पेनिश अटैकर जॉर्ज ऑर्टिज के साथ अनुबंध की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। ऑर्टिज 2025-2026 सीजन तक आइलैंडर्स से जुड़े रहेंगे और अपने अनुभव और गुणवत्ता को टीम में लाने की कोशिश करेंगे। क्लब ने आगे लिखा कि ऑर्टिज ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में 36 मैच खेले हैं, जिसमें 14 गोल और 8 असिस्ट शामिल हैं। मौजूदा आईएसएलसीजन के अहम मोड़ पर उनके शामिल होने से आइलैंडर्स की टीम मजबूत होगी। अपनी आक्रामक मानसिकता और बहुमुखी प्रतिभा के लिए मशहूर ऑर्टिज टीम में आसानी से फिट होने, अहम भूमिका निभाने और महत्वपूर्ण कमियों को पूरा करने की कोशिश करेंगे। इस करार के साथ, आइलैंडर्स इस सीजन को मजबूती से खत्म करना चाहते हैं।
मुंबई सिटी एफसी से जुड़ने पर जॉर्ज ऑर्टिजने कहा कि मैं इंडियन सुपर लीग में वापस आकर, मुंबई सिटी एफसी जैसे रोमांचक क्लब में शामिल होकर और सिटी फुटबॉल ग्रुप में अपना सफर जारी रखने के लिए उत्साहित हूं। क्लब और ग्रुप दोनों ने बहुत ऊंचे मानक स्थापित किए हैं। मुंबई शहर और मुंबई सिटी एफसी का माहौल बेजोड़ है और मैं अपने नए साथियों, प्रशंसकों के साथ शुरूआत करने और उनकी सफलता में योगदान देने के लिए उत्सुक हूं।
मुंबई सिटी एफसी के मुख्य कोच पेट्र क्रैटकी ने कहा कि हम मुंबई सिटी एफसी में ऑर्टिज का स्वागत करते हुए रोमांचित हैं। वह आईएसएल में उच्च क्षमता वाले अटैकर हैं और उन्हें उच्च स्तर पर खेलने का अनुभव है। हम हमेशा बेहतर होने का प्रयास करते हैं और मैदान पर अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने के तरीके खोजते हैं। इस लिहाज से, ऑर्टिज इस सीजन में हमारी टीम को मजबूती देंगे। हम उनके शामिल होने से उत्साहित हैं और उम्मीद करते हैं कि हम बाकी सीजन में भी सफलता हासिल करेंगे।

## व्यापार



## लैंडमार्क इमीग्रेशन की स्टॉक मार्केट में एंट्री, लिस्टिंग के बाद अपर सर्किट पर पहुंचे शेयर

**नई दिल्ली। एजेंसी**




कंसल्टेंसी सर्विस देने वाली कंपनी लैंडमार्क इमीग्रेशन कंसल्टेंट्स के शेयर ने आज मामूली बढ़त के साथ स्टॉक मार्केट में एंट्री की। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 72 रुपये के भाव पर जारी हुए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर 4.17 प्रतिशत प्रीमियम के साथ इसकी लिस्टिंग 75 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद खरीदारों ने इसमें रुचि दिखाई, जिससे थोड़ी ही देर में ये शेयर 78.75 के अपर सर्किट लेवल पर पहुंच गया। इस तरह कंपनी के आईपीओ निवेशकों को पहले दिन ही 9.38 प्रतिशत का फायदा हो गया है।
लैंडमार्क इमीग्रेशन का 40.32 करोड़ रुपये का आईपीओ 16 से 20 जनवरी के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से जोरदार रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 72.84 गुना सब्सक्राइब हो गया था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 35.58 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन में 116.71 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 81.87 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 56 लाख नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिए जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी अपने नए ब्रांच का सेटअप करने, ब्रांडिंग करने और आम कॉर्पोरेट उद्देश्यों में करेगी।
कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2021-22 में कंपनी को 3.94 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2022-23 में बढ़कर 4.43 करोड़ और 2023-24 में 11.12 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

## सीसीपीए ने आईफोन के प्रदर्शन संबंधी मुद्दों पर एप्पल को जारी किया है नोटिस : जोशी

**नई दिल्ली। एजेंसी**

केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी ने गुरुवार को कहा कि उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने आईओएस 18+ सॉफ्टवेयर अपडेट के बाद आईफोन के साथ कथित प्रदर्शन समस्याओं के संबंध में एप्पल इंक को नोटिस जारी किया है। जोशी ने एक्स पोस्ट में कहा उपभोक्ता शिकायतों की जांच करने के बाद विभाग ने सीसीपीए के माध्यम से एप्पल को नोटिस जारी कर मामले पर जवाब मांगा है। इस नोटिस में सॉफ्टवेयर अपडेट के साथ कथित तकनीकी समस्याओं के बारे में एप्पल से स्पष्टीकरण मांगा गया है। उल्लेखनीय है कि आईओएस 18+ सॉफ्टवेयर अपडेट के बाद एप्पल के प्रदर्शन संबंधी मुद्दों के बारे में राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन पर शिकायतें प्राप्त हुई हैं। यह नोटिस भारत में प्रौद्योगिकी दिग्गज के संचालन की नवीनतम विनियामक जांच को दशार्ता है, जो स्मार्टफोन निमार्ताओं के लिए एक प्रमुख विकास बाजार है।

### ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत, एशियाई बाजारों में भी तेजी का रुख

**नई दिल्ली।** ग्लोबल मार्केट से लगातार तीसरे दिन पॉजिटिव संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान भी तेजी बनी रही। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी मामूली बढ़त के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान लगातार मजबूती के साथ कारोबार करने के बाद आखिरी वक्त में हुई बिकवाली के कारण मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एशियाई बाजारों में भी आमतौर पर तेजी का रुख बना हुआ है। टेक शेरों में हुई खरीदारी के कारण वॉल स्ट्रीट में पिछले सत्र के दौरान तेजी का माहौल बना रहा।

## स्टॉक मार्केट में स्टैलियन इंडिया की एंट्री, लिस्टिंग के बाद शेयर पर लगा अपर सर्किट

**नई दिल्ली। एजेंसी**



रेफ्रिजेरेंट और इंडस्ट्रियल गैस का प्रोडक्शन करने वाली कंपनी स्टैलियन इंडिया फ्लोरोकेमिकल्स लिमिटेड ने शेयरों की लिस्टिंग के जरिए स्टॉक मार्केट में जोरदार एंट्री की। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 90 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई और एनएसई पर 33.33 प्रतिशत प्रीमियम के साथ इसकी लिस्टिंग 120 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के तुरंत बाद खरीदारों ने इसे हाथों हाथ लिया, जिससे थोड़ी देर में ही ये शेयर उछल कर 125.99 रुपये के अपर सर्किट लेवल पर पहुंच गया। इस तरह कंपनी के आईपीओ निवेशकों को पहले दिन ही 39.99 प्रतिशत का फायदा हो गया। स्टैलियन इंडिया फ्लोरोकेमिकल्स लिमिटेड का 160.73 करोड़ रुपये का आईपीओ 16 से 20 जनवरी के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से जोरदार रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 188.32 गुना सब्सक्राइब हो गया था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 172.93 गुना सब्सक्राइब हुआ था।
इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 422.35 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 96.81 गुना सब्सक्राइब हुआ था।
इस आईपीओ के तहत 160.73 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए गए हैं। इसके अलावा 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 43,02,656 शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के तहत बेचे गए हैं। आईपीओ के जरिए जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी अपनी वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने, कंपनी की सेमीकंडक्टर एंड स्पेशलिटी गैस डीबल्किंग फैसिलिटी की कैपिटल एक्सपेंडिचर को पूरा करने और आम कॉर्पोरेट उद्देश्यों में करेगी।
कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत मामूली उतार चढ़ाव के साथ लगातार मजबूत हुई है।

# ‘गर्व मेरा भारत - देश मेरा भारत’ के रील प्रतियोगिता के पोस्टर का विमोचन

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** देशभक्ति गीत ‘गर्व मेरा भारत - देश मेरा भारतः के रील कॉन्टेस्ट के पोस्टर का विमोचन मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार आनंद शर्मा एवं हिंदी प्रचार प्रसार संस्थान की कुल सचिव अविनाश शर्मा ने शासन सचिवालय में अपने कक्ष में किया। इस अवसर पर इस गीत की निर्देशक मिताली सोनी एवं सॉन्ग के प्रोड्यूसर महावीर कुमार सोनी ने ़गर्व मे-रा भारतः गीत के कॉन्सेप्ट और उद्देश्य के बारे में उन्हें विस्तार से अवगत कराया। मिताली ने आनंद शर्मा को बताया कि यह गीत भारत की प्रमुख गौरवशाली विशेषताओं, उसकी सांस्कृतिक धरोहर, वीरता, ऋषि-मुनियों की परंपरा और कृषि के महत्व को एक साथ समेटे हुए है। हमारा भारत किन किन खास बातों के लिए पूरे विश्व में गौरवमयी रूप में जाना जाता है, उन सबको एक साथ दिखाने के रूप में एक प्रयास है। साथ ही यह गीत ़ये मेरी अमानत, मेरी इनायत मेरा हिंदुस्तान - विश्व गुरु बनकर उभरा है मेरा हिंदुस्तानः जैसी विशिष्ट पंक्तियों को इसमे लिए हुए भारत को विश्व गुरु के रूप में देखने के लक्ष्य को भी खूबसूरती से प्रस्तुत करता है।



उल्लेखनीय है कि देशभक्ति के रंग में सरोबार यह सॉन्ग यू ट्यूब चैनल के साथ स्पॉटीफाई, गाना. कॉम, अमेज़न म्यूजिक, इंस्टाग्राम म्यूजिक आदि प्रमुख म्यूजिक प्लेटफार्मस पर उपलब्ध है।

इस अवसर पर आनंद शर्मा एवं वरिष्ठ पत्रकार अविनाश शर्मा ने अत्यंत रुचि लेकर गीत के वीडियो को भी देखा, जिसे देखकर उन्होंने इसकी भूरि-भूरि सराहना की और मिताली व उनकी टीम को शुभकामनाएं दी।

उल्लेखनीय है कि आगामी गणतंत्र दिवस के मद्देनजर इस गीत पर आधारित एक रील कॉन्टेस्ट आयोजित किया गया है। कोई भी स्कूल, कॉलेज के छात्र या आम नागरिक ़गर्व मेरा भारतः सॉन्ग पर रील बनाकर इसमें भाग ले सकते है। इस रील कांटेस्ट में हिस्सा लेने के लिए अधिक जानकारी ़गर्व मेरा भारतः के इंस्टाग्राम पेज पर जाकर ली जा सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### गौरी जायसवाल ने अंडर 15 वर्ग गर्ल्स में जीता सिल्वर



**चमकता राजस्थान। जयपुर।** मुम्बई में आयोजित विलिंगडन स्पोर्ट्स क्लब क्लासिक ओपेन स्क्वैश चैंपियनशिप 19 से 23 जनवरी 2025 में जयपुर की गौरी जायसवाल ने अंडर 15 वर्ग गर्ल्स में सिल्वर मेडल जीत राजस्थान का नाम रोशन किया !

कोच खांगा राम चौधरी ने बताया कि गौरी जायसवाल माहेश्वरी पब्लिक स्कूल जवाहर नगर के कक्षा 8 की स्टूडेंट हैं जिसमें पहले राउंड में बाय मिली, प्री क्वार्टर में महाराष्ट्र की जिद्न्यासा मुरादे को 11-3,11-3,11-3, से क्वार्टर फाइनल में महाराष्ट्र की मान्या संघवी को 11-9,11-7,11-6, से सेमी फ़ाइनल में तेलंगाना स्टेट की अर्ना द्विवेदी को 11-13,11-7,11-9,11-7, से फ़ाइनल में उतर प्रदेश की ×फबीना नफीस 2- 11,6- 11,4- 11, से हार का सामना करना पड़ा और सिल्वर मेडल अपने नाम किया !

टूर्नामेंट डायरेक्टर पुष्पक मर्चेंट ने गौरी जायसवाल को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया !

### मोहम्मद आबिद बने सोशल मीडिया प्रभारी



**चमकता राजस्थान। जयपुर।** जयपुर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष रेवती रमन तिवारी ने मोहम्मद आबिद को सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है,

मोहम्मद आबिद के सोशल मीडिया प्रभारी बनने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि वे इस पद पर रहते हुए कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान करेंगे।

### अटल भूजल योजना के तहत रैली का आयोजन किया गया




**चमकता राजस्थान/रघुनंदन पारीक श्रीनगर। अजमेर।** अटल भूजल योजना अजमेर आ. ई .सी. गतिविधि के अंतर्गत पंचायत समिति अजमेर ग्रामीण राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चचियावास में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जिसमें संरक्षण का संदेश दिया गया। जिसमें राज में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की प्रधान अध्यापिका ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया जागरूकता रैली में बच्चों एवं ग्रामीणों ने भाग लिया रैली का उद्देश्य था भू अटल भूजल जल संरक्षण को बचाना अटल भू जल से पवन अग्रवाल, जागृति जन सेवा संस्थान से अध्यक्ष प्रेम कुमारी, मुकेश कुमार, कमल कुमार, सत्यनारायण लखन, रमेश कुमार, एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ एवं बच्चों ने भाग लिया।

### भौड़िया गांव में भीम आर्मी ने की मीटिंग, चंद्रशेखर आजाद के स्वागत की तैयारियां तेज



**चमकता राजस्थान। धौलपुर रामदास तरुण।** धौलपुर जिले के भौड़िया गांव में भीम आर्मी के तत्वाधान में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य 16 फरवरी को जयपुर में सांसद चंद्रशेखर आजाद के आगमन को लेकर तैयारियों को तेज करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राम सिंह इंदौरिया (पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष, भीम आर्मी राजस्थान) और कन्हैयालाल माथुर (प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, आजाद समाज पार्टी राजस्थान) मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में राहुल सोलंकी (पूर्व युवा संगठन जिला अध्यक्ष, भीम आर्मी धौलपुर) और मनोज कुमार मौर्य (शहर अध्यक्ष, भीम आर्मी धौलपुर) उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता धर्मेंद्र जाटव (सरपंच, टांडा मनिया) ने की।अतिथियों ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर, मान्यवर कांशीराम, और सांसद चंद्रशेखर आजाद के संघर्ष और विचारधारा पर प्रकाश डाला। राम सिंह इंदौरिया ने कहा कि 16 फरवरी को सांसद बनने के बाद चंद्रशेखर आजाद पहली बार राजस्थान आ रहे हैं, और धौलपुर जिले से बड़ी संख्या में लोगों को इसमें भाग लेना चाहिए। कन्हैयालाल माथुर ने बहुजन समाज को संगठित करने और समाज को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने जोरदार समर्थन और उत्साह के साथ भीम आर्मी और चंद्रशेखर आजाद के लिए नारे लगाए। बड़ी संख्या में महिलाओं और पुरुषों की भागीदारी से कार्यक्रम सफल रहा।

# सोलहवीं विधान सभा के तृतीय सत्र के लिये सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

- सत्र की विभिन्न व्यवस्थाओं पर विचार-विमर्श हेतु समीक्षा बैठक
- वाहनों का प्रवेश विधान सभा के द्वार संख्या 7 से और निकास द्वार संख्या 6 से

चमकता राजस्थान



जयपुर। सोलहवीं राजस्थान विधान सभा का तृतीय सत्र शुक्रवार 31 जनवरी से आरंभ होगा। विधान सभा सचिवालय ने सत्र के संबंध में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं कर ली है। सत्र के दौरान विधानसभा की सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था भी कर ली गयी है। विधान सभा के तृतीय सत्र के लिए तैयारी चल रही है। विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के निर्देश पर गुरुवार को विधान सभा प्रमुख सचिव भारत भूषण शर्मा ने सत्र से संबंधित की जाने वाली व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिये विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। अधिकारियों ने विभागों द्वारा किये जाने वाले कार्यों की विस्तार से जानकारी दी।

राजस्थान विधान सभा के तृतीय सत्र में विधान सभा परिसर में वाहनों का प्रवेश द्वार संख्या 7 से होगा और वाहनों का विधान सभा से निकास द्वार संख्या 6 से होगा। वाहनों की पार्किंग निर्धारित पार्किंग स्थलों पर हो सकेगी। परिसर में वही वाहन प्रवेश कर सकेंगे, जिन पर तृतीय सत्र का सत्रकालीन वाहन प्रवेश पत्र लगा होगा। विधान सभा भवन में पैदल प्रवेश व निकास द्वार संख्या 6 और 7 पर बने स्वागत कक्ष के माध्यम से होगा। सत्र के दौरान विधान सभा में मुख्यमंत्री व मंत्रीगण से मिलने आने वाले प्रतिनिधि मण्डलों के प्रवेश की व्यवस्था संबंधित से सहमति मिलने के पश्चात सम्पर्क अधिकारी द्वारा की जायेगी।बैठक में विधान सभा के वरिष्ठ उप सचिव श्री पुरुषोत्तम शर्मा और उप सचिव देवेन्द्र प्रसाद चौटिया सहित अधिकारीगण मौजूद थे।

## उपखंड स्तरीय रात्रि चौपाल का आयोजन उपखंड अधिकारी यादव ने ग्रामीणों की समस्याओं के बारे में जानकारी




**चमकता राजस्थान रघुनंदन पारीक श्रीनगर । अजमेर/नसीराबाद।** आज दिनांक 23 जनवरी 2025 को उपखंड अधिकारी नसीराबाद द्वारा ग्राम कालेडी में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया एवं आमजन की समस्याएं सुनी गई ग्रामीणों द्वारा मुख्य रूप से ग्राम कालेडी के आबादी क्षेत्र को एडीए से पृथक कराने, कृषि कनेक्शन शीघ्र उपलब्ध कराने एवं गैर मुमकिन नाले को रास्ते में दर्ज करने संबंधित शिकायतें प्रस्तुत की, इसके अतिरिक्त साफ-सफाई,पेयजल एवं बिजली आदि की समस्याओं के संबंध में संबंधित अधिकारियों का आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

## पत्रिका गेट पर होगा तिरंगा सम्मान कार्यक्रम



**चमकता राजस्थान। जयपुर।** जवाहर सर्किल पर कार्यक्रम तिरंगा एक सम्मान का आयोजन प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पूनम फाउंडेशन के तत्वाधान में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन हवा महल विधायक बाल मुकुंद आचार्य ने हाथोज स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में किया फाउंडेशन के अध्यक्ष सांवरमल जांगिड़ ने बताया कि इस अवसर पर अतिथियों द्वारा 7:15 पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा विमोचन के अवसर पर पूनम फाउंडर के मेंबर अंकित खंडेलवाल,मदन मोहन सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस वर्ष की ब्रांड एंबेसडर हिना शर्मा होगी इस कार्यक्रम में राजनीतिक दल के कई नेता एवं राज्य के वरिष्ठ लोगों की उपस्थित रहेगी।

इस अवसर पर देशभक्ति गीतों नृत्य का कार्यक्रम आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों को पूनम फाउंडेशन की ओर से प्रशस्ति पत्र अतिथियों द्वारा दिया जाएगा

## सुभाष चंद्र बोस जयंती के अवसर पर निकाला पथ संचलन

चमकता राजस्थान /रमेश मोदी




जयपुर। चौमहला नगर के आदर्श विद्या मंदिर में सुभाष चंद्र बोस जयंती मनाई गई। विद्यालय प्रांगण में कार्यक्रम काव आयोजन किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रशांत सोनी ने की मुख्य वक्ता रितेश निगम ने सुभाष चंद्र बोस के जीवन परिचय एवं उपलब्धियां पर प्रकाश डाला। श्यामलाल कारपेंटर ने अतिथियों का मंगल तिलक और श्रीफल भेंट देकर सम्मान किया, साथ ही गोपाल सिंह ने अतिथियों का परिचय करवाया। कार्यक्रम का संचालन प्रीतम टेलर ने किया। इसके बाद भैया बहनों ने घोष की ताल पर कदम से कदम मिलते हुए नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए संचलन निकाला। नगर वासियों ने पुष्प वर्षा कर पथ संचलन का स्वागत किया। पथ संचलन में सुभाष चंद्र बोस, झांसी की रानी, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद और भारत माता की झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य राम गोपाल कारपेंटर ने पधारे हुए अतिथियों, नागर वासियों एवं सहयोग में लगे पुलिस कर्मियों एवं अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

# क्रोमा की रिपब्लिक डे 2025 सेल में कीमतों में भारी गिरावट, इस बचत को आप कभी नहीं भूल पाएंगे

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** इस गणतंत्र दिवस पर, क्रोमा दे रहा है इलेक्ट्रॉनिक्स और घरेलू उपकरणों पर भारी छूट के साथ यादगार बचत करने का मौक ा। नया साल शुरू होते ही उपभोक्ता क्रोमा की रिपब्लिक डे सेल का बेसब्री से इंतज़ार करते रहते हैं, इस साल 16 से 26 जनवरी, 2025 तक चलने वाली इस सेल में, www.croma.com और Tata Neu पर इन-स्टोर और ऑनलाइन दोनों जगह पर आकर्षक, अविश्वसनीय डील दी जा रही है।

क्रोमा की रिपब्लिक डे सेल में उपभोक्ताओं को मिलता है इलेक्ट्रॉनिक्स और घरेलू उपकरणों की विशाल श्रेणी पर बे-हद आकर्षक छूट के साथ अपनी जीवनशैली को उन्नत करने का सही अवसर। 23 जनवरी से, गर्मी को मात दें क्रोमा 1.5T 3 स्टार एसी के साथ, कीमतें 25,690* से आगे, अपनी रसोई में लाएं नयी ताज़गी, क्रोमा 303छ फ्रॉस्ट फ्री रेफ्रिजरेटर के साथ, कीमतें 24,590* से आगे। अब लॉन्ड्री करना होगा और भी आसान, क्योंकि क्रोमा 8ङ टॉप लोड वॉशिंग मशीन मिलने वाली 14,390* से शुरू होने वाली कीमतों में, या चुनें 21,690* से शुरू होने वाली कीमतों में क्रोमा 7ङ फ्रंट लोड वॉशिंग मशीन। होम एंटरटेनमेंट के शौकीनों के लिए क्रोमा दे रहा है 30,990* से शुरू होने वाली कीमतों में 55-इंच UHD TV या सिर्फ़ 42,990* में प्रीमियम 65-इंच UHD Google TV भी आप खरीद सकते हैं। टेक-सैवी खरीदारों के लिए इंटेल i3 लैपटॉप के साथ बेहतरीन डील 26,530* से शुरू होने वाली कीमतों में मिल रही हैं। लेटेस्ट गैजेट की तलाश कर रहे हैं तो आपके लिए सैमसंग गैलेक्सी फोल्ड 5 की शुरूआती कीमत सिर्फ़ 98,990* है, जबकि Apple iPhone 16 की कीमत 39,490* है।

- » क्रोमा 1.5T 3 स्टार AC की कीमतें 25,690* (कैशबैक और एक्सचेंज सहित) से आगे।
- » क्रोमा 303L फ्रॉस्ट फ्री रेफ्रिजरेटर की कीमतें 24,590* (कैशबैक और एक्सचेंज सहित) से आगे।
- » क्रोमा 8Kg टॉप लोड वॉशिंग मशीन की कीमतें 14,390* (कैशबैक और एक्सचेंज सहित) से आगे।
- » क्रोमा 55–इंच UHD TV की कीमतें 30,990* (कैशबैक और एक्सचेंज सहित) से आगे।
- » इंटेल i3 लैपटॉप की कीमतें 26,530* (कैशबैक और एक्सचेंज सहित) से आगे।
- » सैमसंग गैलेक्सी फोल्ड 5 की कीमतें 98,990* (कैशबैक और सैमसंग अपग्रेड सहित) से आगे।
- » ऐपल iPhone 16 की कीमतें 39,490* (कैशबैक और एक्सचेंज सहित) से आगे।
- » अग्रणी बैंक कार्ड पर 26% तक इंस्टेंट कैशबैक और विभिन्न श्रेणियों में आकर्षक छूट।
- » एचडीएफसी क्रेडिट कार्ड पर 6 महीने की नो कॉस्ट ईएमआई।

आपको ज़्यादा से ज़्यादा फायदेमंद खरीदारी की खुशियां देने के लिए चुनिंदा बैंक कार्डों पर 26,000 तक के इंस्टेंट कैशबैक दिए जा रहे हैं। आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, एमेक्स, बॉब काड्र्स, फेडरल बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, साउथ इंडियन बैंक और एचएसबीसी के साथ विशेष ऑफ़र का लाभ उठा सकते हैं। इसके अलावा, बजाज फ़िनसर्व, एचडीबी फ़ाइनेंशियल सर्विसेस, एचडीएफसी बैंक और आईडीएफसी फ़र्स्ट बैंक जैसे कंज़्यूमर फाइनेंस प्रोवाइडर्स के ज़रिए 26,000 तक के कैशबैक का लाभ भी उठा सकते हैं।

क्रोमा - इन्फिनिटी रिटेल लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री शिबाशीष रॉय ने कहा, ़क्रोमा की रिपब्लिक डे सेल ज़रिया है उपभोक्ताओं के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करने का, हम हमारे उपभोक्ताओं को ऐसी बचत करने का मौका दे रहे हैं जिसे वे हमेशा के लिए याद रखेंगे। अग्रणी बैंकों और कंज़्यूमर फाइनेंस प्रोवाइडर्स के साथ विशेष ऑफ़र और साझेदारी के साथ, हम सभी के लिए उच्च गुणवत्ता वाले इलेक्ट्रॉनिक्स और उपकरणों को सुलभ बनाना चाहते हैं। चाहे आप इन-स्टोर या ऑनलाइन खरीदारी कर रहे हों, हमारे विकल्पों की विशाल रेंज में सभी के लिए कुछ न कुछ ज़रूर है।

देशभर में 550 से ज़्यादा स्टोर और www.croma.com पर बेहतरीन ऑनलाइन शॉपिंग अनुभव के साथ, क्रोमा यह सुनिश्चित करता है कि भारत भर के उपभोक्ता इन बेहतरीन डील का आनंद ले सकें और इस रिपब्लिक डे सेल में शामिल होकर अपनी जीवनशैली को बेहतर बना सकें।

जल्दी करें! ज़्यादा से ज़्यादा बचत का पूरा लाभ उठाने के लिए अपने नज़दीकी क्रोमा स्टोर पर जाएं या ऑनलाइन खरीदारी करें। अपने पसंदीदा इलेक्ट्रॉनिक्स और अप्लायंस को बेजोड़ कीमतों पर घर लाने का मौका न चूकें।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान, मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929